This booklet contains **56** printed pages.
इस पुस्तिका में **56** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

# AAT-20-I

**PAPER I / प्रश्न-पत्र I**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

**Test Booklet No.**
**परीक्षा पुस्तिका संख्या**

**Test Booklet Code**
**परीक्षा पुस्तिका संकेत**

# I

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **I**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q. Nos. 1-30) |
| Part-II | : Mathematics | (Q. Nos. 31-60) |
| Part-III | : Environmental Studies | (Q. Nos. 61-90) |
| Part-IV | : Language I - (English/Hindi) | (Q. Nos. 91-120) |
| Part-V | : Language II - (English/Hindi) | (Q. Nos. 121-150) |

6. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement Test Booklet of I Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
7. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
8. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
9. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
10. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/answers, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ–1** एवं **पृष्ठ–2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** हैं एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत I** है । यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ–2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | (प्रश्न सं. 1-30) |
| भाग-II | : गणित | (प्रश्न सं. 31-60) |
| भाग-III | : पर्यावरण अध्ययन | (प्रश्न सं. 61-90) |
| भाग-IV | : भाषा-I (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्रश्न सं. 91-120) |
| भाग-V | : भाषा-II (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्रश्न सं. 121-150) |

6. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया I कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए । भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है ।**
7. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
8. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
9. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।
10. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा ।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________
: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________ Invigilator's Signature : ____________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ____________________

I

## PART – I / भाग – I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions (Q. Nos.* ***1*** *to* ***30****) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**1.** **After getting hurt during a play activity, Rohan started crying. Seeing this, his father responded, "Don't behave like girls, boys don't cry". This statement by the father**

(1) reflects gender stereotype.

(2) challenges gender stereotype.

(3) reduces gender bias.

(4) promotes gender equality.

**2.** **In a progressive classroom**

(1) a teacher should follow fixed curriculum.

(2) the emphasis should be on competition among students.

(3) ample opportunities should be provided for construction of knowledge.

(4) students should be labelled on the basis of their academic scores.

**3.** **After observing that students are struggling to proceed further on an ongoing activity, a teacher decides to provide cues and hints in form of what, why, how. According to Lev Vygotsky's theory, this strategy of teacher will**

(1) demotivate the children to learn.

(2) act as a scaffold for learning.

(3) cause withdrawal tendency among students.

(4) be meaningless in process of learning.

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या* ***1*** *से* ***30****) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**1.** **एक खेल क्रिया के दौरान चोट लगने पर रोहन रोने लगा । यह देखकर उसके पिता ने कहा, "लड़कियों की तरह व्यवहार ना करो; लड़के रोते नहीं हैं ।" पिता का यह कथन –**

(1) लैंगिक रूढ़िवादिताओं को दर्शाता है ।

(2) लैंगिक रूढ़िवादिताओं को चुनौती देता है ।

(3) लैंगिक भेदभाव को कम करता है ।

(4) लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है ।

**2.** **एक प्रगतिशील कक्षा में –**

(1) अध्यापक को अटल पाठ्यक्रम का पालन करना चाहिए ।

(2) विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा पर बल देना चाहिए ।

(3) ज्ञान की संरचना के लिए प्रचुर मौके प्रदान करने चाहिए ।

(4) विद्यार्थियों को उनके अकादमिक अंकों के आधार पर नामांकित करना चाहिए ।

**3.** **एक गतिविधि के दौरान, छात्रों को संघर्ष करते देख, एक अध्यापिका बच्चों को संकेत और इशारे जैसे –'क्या, क्यों, कैसे' प्रदान करने का फैसला लेती है । लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार, अध्यापिका की यह योजना –**

(1) बच्चों को अधिगम के लिए अनुत्प्रेरित/निष्प्रेरित करेगी ।

(2) अधिगम के लिए पाड़/आधारभूत संरचना का काम करेगी ।

(3) छात्रों में प्रत्याहार/निकास प्रवृत्तियाँ पैदा करेगी ।

(4) अधिगम की प्रक्रिया में अर्थहीन होगी ।

4. **Which of the following is correct in the context of socialization of children ?**

(1) School is a secondary socialization agent and family is a primary socialization agent.

(2) School is a primary socialization agent and peers are secondary socialization agents.

(3) Peers are primary socialization agents and family is a secondary socialization agent.

(4) Family and mass-media both are secondary socialization agents.

5. **Theory of multiple intelligence emphasizes that**

(1) Intelligence Quotient (IQ) can be measured only by objective tests.

(2) Intelligence in one domain ensures intelligence in all other domains.

(3) There are several forms of intelligences.

(4) There are no individual differences in intelligence.

6. **According to Lawrence Kohlberg's theory, "Performing an act and doing something because others approves it", represents _________ stage of morality.**

(1) Pre-conventional

(2) Conventional

(3) Post-conventional

(4) Formal conventional

4. **बच्चों के समाजीकरण के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?**

(1) विद्यालय समाजीकरण का एक द्वितीयक कारक है और परिवार समाजीकरण का एक प्राथमिक कारक है ।

(2) विद्यालय समाजीकरण का एक प्राथमिक कारक है और समकक्षी समाजीकरण के द्वितीयक कारक हैं ।

(3) समकक्षी समाजीकरण के प्राथमिक कारक हैं और परिवार समाजीकरण का एक द्वितीयक कारक है ।

(4) परिवार एवम् जन-संचार दोनों समाजीकरण के द्वितीयक कारक हैं ।

5. **बहु-बुद्धि का सिद्धांत जोर देता है कि –**

(1) बुद्धि-लब्धि केवल वस्तुनिष्ठ परीक्षणों द्वारा ही मापी जा सकती है ।

(2) एक आयाम में बुद्धिमत्ता, अन्य सभी आयामों में बुद्धिमत्ता निर्धारित करती है ।

(3) बुद्धिमत्ता की विभिन्न दशाएँ हैं ।

(4) बुद्धिमत्ता में कोई व्यक्तिगत विभिन्नताएँ नहीं होती हैं ।

6. **लॉरेंस कोलबर्ग के सिद्धांत के अनुसार, "किसी कार्य को इसीलिए करना, क्योंकि दूसरे इसे स्वीकृति देते हैं", नैतिक विकास के _____ चरण को दर्शाता है ।**

(1) प्रथा-पूर्व

(2) प्रथागत

(3) उत्तर-प्रथागत

(4) अमूर्त संक्रियात्मक

7. **Lev Vygotsky's social-cultural perspective of learning emphasizes importance of _________ in the learning process.**
   (1) Cultural tools
   (2) Attribution
   (3) Motivation
   (4) Equilibration

8. **In his theory of cognitive development, Jean Piaget explains cognitive structures in terms of _________.**
   (1) Psychological tools
   (2) Stimulus-response association
   (3) Zone of proximal development
   (4) Schemas

9. **Pre-operational stage in Jean Piaget's theory of cognitive development characterizes _________.**
   (1) Development of abstract thinking
   (2) Centration in thought
   (3) Hypothetico deductive thinking
   (4) Ability to conserve and seriate objects.

10. **Which of the following statement is correct in context of development ?**
   (1) Development has the same rate of growth across cultures for everyone.
   (2) Development occurs only through learning that takes place in school.
   (3) Development occurs only during the period of childhood.
   (4) Development is multi-dimensional.

7. **लेव वायगोत्स्की का सामाजिक–सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य, अधिगम प्रक्रिया में _____ के महत्त्व पर जोर देता है ।**
   (1) सांस्कृतिक उपकरणों
   (2) गुणारोपण
   (3) अभिप्रेरणा
   (4) संतुलीकरण

8. **जीन पियाजे अपने संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत में, संज्ञानात्मक संरचनाओं को ______ के रूप में वर्णित करते हैं ।**
   (1) मनोवैज्ञानिक उपकरणों
   (2) उद्दीपक–अनुक्रिया संबंध
   (3) विकास का समीपस्थ क्षेत्र
   (4) स्कीमा/मनोबंध

9. **जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत में, पूर्व–संक्रियात्मक अवस्था में विकास का मुख्य गुण क्या होता है ?**
   (1) अमूर्त सोच का विकास
   (2) विचार/सोच में केंद्रीकरण
   (3) परिकल्पित–निगमनात्मक सोच
   (4) संरक्षण और पदार्थों को क्रमबद्ध करने की क्षमता

10. **विकास के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?**
   (1) विकास की दर, सभी संस्कृतियों में सभी के लिए समान होती है ।
   (2) विकास केवल विद्यालय में होने वाले अधिगम से ही होता है ।
   (3) विकास केवल बाल्यावस्था के दौरान ही होता है ।
   (4) विकास बहुआयामी होता है ।

11. **Sequence of development among children from birth to adolescence is**
   (1) sensory, concrete, abstract.
   (2) abstract, sensory, concrete.
   (3) concrete, abstract, sensory.
   (4) abstract, concrete, sensory.

12. **Individual differences in a progressive classroom should be treated as**
   (1) a hindrance to the process of learning.
   (2) a failure on the part of teacher.
   (3) criteria for making ability-based groups.
   (4) important for planning of teaching-learning process.

13. **In an Inclusive classroom emphasis should be on**
   (1) performance oriented goals.
   (2) undifferentiated instructions
   (3) segregation of students based on their social identity.
   (4) providing opportunities aiming at maximizing potential of individual children.

14. **According to Right of Persons with Disabilities Act (2016), which of the following term is appropriate to use ?**
   (1) Retarded student
   (2) Handicapped student
   (3) Student with physical disability
   (4) Student with crippled body

11. **जन्म से किशोरावस्था तक बच्चों में विकास किस क्रम में होता है ?**
   (1) सांवेदिक, मूर्त, अमूर्त
   (2) अमूर्त, सांवेदिक, मूर्त
   (3) मूर्त, अमूर्त, सांवेदिक
   (4) अमूर्त, मूर्त, सांवेदिक

12. **एक प्रगतिशील कक्षा में व्यक्तिगत विभिन्नताओं को किस प्रकार देखा जाना चाहिए ?**
   (1) अधिगम की प्रक्रिया में बाधा ।
   (2) अध्यापक के पक्ष पर असफलता ।
   (3) योग्यता-आधारित समूह बनाने का मापदंड ।
   (4) अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया की परियोजना के लिए महत्त्वपूर्ण ।

13. **एक समावेशी कक्षा में _____ पर जोर होना चाहिए ।**
   (1) प्रदर्शन-अभिमुखी लक्ष्यों
   (2) अविभेदी/समरूपी निर्देशों
   (3) सामाजिक पहचान के आधार पर छात्रों के अलगाव
   (4) हर बच्चे के सामर्थ्य को अधिकतम करने के लिए अवसर प्रदान करने

14. **दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (2016) के अनुसार, निम्न में से किस शब्दावली का प्रयोग उपयुक्त है ?**
   (1) मंदित छात्र
   (2) विकलांग छात्र
   (3) छात्र जिसे शारीरिक दिव्यांगता है ।
   (4) छात्र जिसका अशक्त शरीर है ।

**15. In order to address the needs of students who are facing learning difficulties, a teacher should NOT**

(1) use multiple audio-visual aids.

(2) use constructive pedagogical approaches.

(3) do individualized educational planning.

(4) practice rigid structures for pedagogy and assessment.

**16. _________ is the primary identifying feature of creativity.**

(1) Low comprehension

(2) Divergent thinking

(3) Hyperactivity

(4) Inattentiveness

**17. In order to address learners from diverse backgrounds, a teacher should**

(1) avoid talking about aspects related to diversity.

(2) draw examples from diverse settings.

(3) use standardized assessment for all.

(4) use statements that strengthen negative stereotypes.

**18. Problem-solving abilities can be facilitated by**

(1) focusing on drill and practice.

(2) encouraging fixed process of solving the problems.

(3) encouraging use of analogies.

(4) generating fear among students.

**15. अधिगम कठिनाइयों से जूझते छात्रों की जरूरतों को संबोधित करने के लिए, एक अध्यापक को क्या नहीं करना चाहिए ?**

(1) दृश्य–श्रव्य सामग्रियों का इस्तेमाल ।

(2) संरचनात्मक शिक्षाशास्त्रीय उपागमों का इस्तेमाल ।

(3) व्यक्तिगत शैक्षिक योजना बनाना ।

(4) शिक्षाशास्त्र और आकलन की जटिल संरचनाओं का प्रयोग ।

**16. सर्जनात्मकता की पहचान का प्रमुख लक्षण क्या है ?**

(1) कम परिज्ञानता/बोधगम्यता

(2) अपसारी चिंतन

(3) अतिसक्रियता

(4) असतर्कता

**17. विविध पृष्ठभूमियों के अधिगमकर्ताओं को संबोधित करने हेतु, एक अध्यापक को –**

(1) विविधता संबंधी मुद्दों पर बातचीत टालनी चाहिए ।

(2) विविध विन्यासों से उदाहरण लेने चाहिए ।

(3) सभी के लिए मानकीकृत आंकलनों का इस्तेमाल करना चाहिए ।

(4) ऐसे कथनों का इस्तेमाल करना चाहिए जो नकारात्मक रूढ़िबद्ध धारणाओं को मजबूत करें ।

**18. समस्या–समाधान क्षमताओं को किस प्रकार सुसाध्य किया जा सकता है ?**

(1) लगातार अभ्यास और कार्यान्वयन पर जोर देकर ।

(2) समस्याओं के हल हेतु अटल प्रक्रिया के इस्तेमाल को बढ़ावा देकर ।

(3) समरूपों के इस्तेमाल को बढ़ावा देकर ।

(4) विद्यार्थियों में डर की भावना पैदा कर ।

**19. Motivation to learn can be sustained by**

(1) punishing the child.

(2) focusing on mastery-oriented goals.

(3) giving very easy tasks to children.

(4) focusing on rote-memorisation.

**20. Shame _________**

(1) has no relation to cognition.

(2) can have negative impact on cognition.

(3) is very effective to motivate the children to learn.

(4) should be generated frequently in teaching-learning process.

**21. Which of the following is most effective mode of teaching-learning ?**

(1) Rote memorization of content

(2) Exploration of relationships between concepts

(3) Observation without analysis

(4) Imitation and repetition

**22. A teacher should analyse the various errors made by students on a given task because**

(1) she can decide degree of punishment accordingly.

(2) understanding of errors are meaningful in the teaching-learning process.

(3) she can segregate those who made more errors in comparison to others.

(4) learning is solely based on correction of errors.

**19. अधिगम की अभिप्रेरणा को किस प्रकार कायम रखा जा सकता है ?**

(1) बच्चे को दंड देकर ।

(2) प्रवीणता-अभिमुखी लक्ष्यों पर जोर देकर ।

(3) बच्चों को बहुत आसान क्रियाकलाप देकर ।

(4) यंत्रवत याद करने पर जोर देकर ।

**20. शर्मिंदगी _____**

(1) का संज्ञान से कोई संबंध नहीं है ।

(2) का संज्ञान पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है ।

(3) बच्चों को अधिगम हेतु अभिप्रेरित करने के लिए बहुत प्रभावशाली है ।

(4) के भाव को अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया में बारंबार पैदा करना चाहिए ।

**21. निम्न में से अध्यापन-अधिगम का सबसे प्रभावशाली माध्यम कौन सा है ?**

(1) विषय-वस्तु को यंत्रवत याद करना

(2) संकल्पनाओं के बीच संबंध खोजना

(3) बिना विश्लेषण के अवलोकन करना

(4) अनुकरण/नकल और दोहराना

**22. एक अध्यापिका को, दिये गए किसी कार्यकलाप में छात्रों की विभिन्न त्रुटियों का विश्लेषण करना चाहिए, क्योंकि**

(1) इसके आधार पर वह दंड की मात्रा निर्धारित कर सकती है ।

(2) त्रुटियों की समझ, अध्यापन-अधिगम प्रक्रिया के लिए अर्थपूर्ण है ।

(3) इसके आधार पर वह ज्यादा त्रुटियाँ करने वाले छात्रों को दूसरे छात्रों से अलग कर सकती है ।

(4) अधिगम केवल त्रुटियों के शोधन पर निर्भर है ।

**23. It is difficult for children to learn when**

(1) information is presented in disconnected chunks.

(2) they are intrinsically motivated.

(3) learning is socially contextualized.

(4) content is represented through multiple ways.

**24. Best state of learning is**

(1) high arousal, high fear.

(2) low arousal, high fear.

(3) moderate arousal, no fear.

(4) no arousal, no fear.

**25. Constructivist view of learning suggests that children ________ construction of their own knowledge.**

(1) have no role to play in

(2) are solely dependent on adults for

(3) play an active role in

(4) are solely dependent on textbooks in

**26. Which of the following belief is good for learning ?**

(1) Ability is improvable.

(2) Ability is fixed.

(3) Efforts don't make any difference.

(4) Failure is uncontrollable.

**27. Conceptual understanding among students is likely to improve in the settings which emphasise on**

(1) competitions.

(2) textbook-centric pedagogy.

(3) frequent examinations.

(4) inquiry and dialogue.

**23. बच्चों को सीखने में कठिनाई होती है, जब –**

(1) सूचना अलग-अलग टुकड़ों में प्रस्तुत की जाए ।

(2) वो आंतरिक रूप से अभिप्रेरित हो ।

(3) अधिगम सामाजिक संदर्भ में हो ।

(4) विषय-वस्तु को बहुरूपों में प्रस्तुत किया गया हो ।

**24. अधिगम की सर्वोत्तम अवस्था कौन सी है ?**

(1) उच्च उत्तेजना, उच्च भय

(2) निम्न उत्तेजना, उच्च भय

(3) संतुलित उत्तेजना, कोई भय नहीं

(4) कोई उत्तेजना नहीं, कोई भय नहीं

**25. अधिगम का संरचनात्मक विचार यह सुझाव देता है कि ज्ञान की संरचना में –**

(1) बच्चों की कोई भूमिका नहीं होती ।

(2) बच्चे पूर्ण रूप से वयस्कों पर निर्भर रहते हैं ।

(3) बच्चे सक्रिय भूमिका निभाते हैं ।

(4) बच्चे पूर्ण रूप से पाठ्य-पुस्तकों पर निर्भर रहते हैं ।

**26. अधिगम के लिए निम्न में से कौन-सी धारणा उपयुक्त है ?**

(1) योग्यता सुधार्य है ।

(2) योग्यता अटल है ।

(3) प्रयासों से कोई फर्क नहीं पड़ता ।

(4) असफलता अनियंत्रित है ।

**27. निम्न में से कौन-सी परिपाटी, विद्यार्थियों में संकल्पनात्मक समझ में बढ़ोतरी करने में सहायक है ?**

(1) प्रतिस्पर्धा आधारित प्रतिस्पर्धाएँ

(2) पाठ्य-पुस्तक-केंद्रित शिक्षाशास्त्र

(3) बारंबार परीक्षाएँ

(4) अन्वेषण और संवाद

**28. During a task, Saina is talking to herself about ways she can proceed on the task. According to Lev Vygotsky's ideas on language and thought; this kind of 'private speech' is a sign of**

(1) Cognitive immaturity.

(2) Self-regulation.

(3) Ego-centricism.

(4) Psychological disorder.

**29. Evaluation practices should aim at**

(1) labelling of students.

(2) segregation of students for ability-based groups.

(3) identifying students' needs and requirements.

(4) identification of high-achievers for prize distribution.

**30. Individual differences in development of children can be attributed to**

(1) heredity only.

(2) environment only.

(3) neither heredity nor environment.

(4) interplay of heredity and environment.

**28. एक कार्य के दौरान, सायना स्वयं से बात कर रही है कि वह कार्य पर किस प्रकार प्रगति कर सकती है । लेव वायगोत्स्की के भाषा और चिंतन/सोच के बारे में दिए गए विचारों के अनुसार, इस तरह का 'व्यक्तिगत वाक' क्या दर्शाता है ?**

(1) संज्ञानात्मक अपरिपक्वता

(2) स्व: नियमन

(3) आत्म-केन्द्रिता

(4) मनोवैज्ञानिक विकार

**29. मूल्यांकन पद्धतियों का लक्ष्य होना चाहिए –**

(1) विद्यार्थियों को नामांकित करना ।

(2) योग्यता-आधारित समूहों में विद्यार्थियों को विभाजित करना ।

(3) विद्यार्थियों की जरूरतों एवम् आवश्यकताओं की पहचान करना ।

(4) पुरस्कार-वितरण हेतु उच्च-अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पहचान करना ।

**30. बच्चों के विकास की व्यक्तिगत विभिन्नताओं को किस पर प्रतिरोपित किया जा सकता है ?**

(1) केवल आनुवंशिकता पर

(2) केवल पर्यावरण पर

(3) ना आनुवंशिकता पर ना पर्यावरण पर

(4) आनुवंशिकता एवम् पर्यावरण की पारस्परिकता पर

## PART – II / भाग – II

## MATHEMATICS / गणित

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**31. In how many ways, 48 small squares of 1 cm × 1 cm can be arranged so that the resulting area is 48 $cm^2$ ?**

(1) 6
(2) 4
(3) 5
(4) 2

**32. In school assembly, students of a class are standing in a line. Ruhi is $19^{th}$ from both ends. How many students are present in that class ?**

(1) 38
(2) 37
(3) 36
(4) 40

**33. Asmita reaches school for a meeting 15 minutes before 8.30 am. She reached half an hour earlier than her colleague who is 40 minutes late for meeting. What is the scheduled time of the meeting ?**

(1) 8.15 am
(2) 9.10 am
(3) 8.45 am
(4) 8.05 am

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**31. 1 cm × 1 cm वाले 48 छोटे वर्गों को कुल कितने प्रकार से व्यवस्थित किया जा सकता है, कि परिणामिक क्षेत्रफल 48 $cm^2$ हो ?**

(1) 6
(2) 4
(3) 5
(4) 2

**32. विद्यालय की सभा में एक कक्षा के विद्यार्थी एक पंक्ति में खड़े हैं । दोनों सिरों से रुही का 19वाँ स्थान है । उस कक्षा में कुल कितने छात्र उपस्थित हैं ?**

(1) 38
(2) 37
(3) 36
(4) 40

**33. अस्मिता विद्यालय की गोष्ठी में 8.30 am से 15 मिनट पहले पहुँची । वह अपने सहकर्मी से आधा घंटा पहले पहुँची, जो कि गोष्ठी के लिए 40 मिनट की देरी से पहुँचा । गोष्ठी का निर्धारित समय क्या था ?**

(1) 8.15 am
(2) 9.10 am
(3) 8.45 am
(4) 8.05 am

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**34.** **A number is larger than half of 100. It is more than 6 tens and less than 8 tens. The sum of its digits is 9. The tens digit is the double of the ones digit. What is the number ?**

(1) 72

(2) 63

(3) 54

(4) 81

**35.** **The rates of various stationery items are given below :**

| | | |
|---|---|---|
| **A packet of crayons** | **–** | **₹ 15.50** |
| **A packet of pencils** | **–** | **₹ 14.00** |
| **A packet of sketch pens** | **–** | **₹ 22.50** |
| **One scissors** | **–** | **₹ 17.00** |
| **One eraser** | **–** | **₹ 2.00** |
| **One sheet of glazed paper** | **–** | **₹ 2.50** |
| **A pack of decorative stickers** | **–** | **₹ 5.00** |

**Sohail buys one packet of crayons, two packets of pencils, one packet of sketch pens, one scissors, 5 sheets of glazed papers and one pack of decorative stickers. How much would he be required to pay ?**

(1) ₹ 98.00

(2) ₹ 86.50

(3) ₹ 100.50

(4) ₹ 102.00

**34.** **एक संख्या 100 के आधे से अधिक है । यह 6 दहाई से अधिक और 8 दहाई से कम है । इसके अंकों का योग 9 है । इसका दहाई का अंक इकाई के अंक का दुगुना है । संख्या क्या है ?**

(1) 72

(2) 63

(3) 54

(4) 81

**35.** **विभिन्न स्टेशनरी (लेखन–सामग्री) वस्तुओं की दरें नीचे दी गई हैं :**

| | | |
|---|---|---|
| **क्रेयान का एक पैकट** | **–** | **₹ 15.50** |
| **पेंसिलों का एक पैकट** | **–** | **₹ 14.00** |
| **स्केच पेन का एक पैकट** | **–** | **₹ 22.50** |
| **एक कैंची** | **–** | **₹ 17.00** |
| **एक रबड़** | **–** | **₹ 2.00** |
| **चमकीले कागज की एक परत (शीट)** | **–** | **₹ 2.50** |
| **सजावटी स्टिकर का एक पैक** | **–** | **₹ 5.00** |

**सोहेल ने एक पैकट क्रेयान, दो पैकट पेंसिल, एक पैकट स्केच पेन, एक कैंची, चमकीले कागज की 5 शीटें और एक पैकट सजावटी स्टिकर खरीदे । उसको कितना भुगतान करना होगा ?**

(1) ₹ 98.00

(2) ₹ 86.50

(3) ₹ 100.50

(4) ₹ 102.00

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

36. A train starts from Patna on 30th May, 2020 at 23:40 hours and reaches Mumbai on 1st June, 2020 at 5:15 hours. What is the total travel time of train ?

(1) 28 hours 20 minutes

(2) 29 hours 35 minutes

(3) 29 hours 15 minutes

(4) 28 hours 25 minutes

37. In a five digit number, the digit at the hundreds place is three-fourth of the digit at ten thousands place and the digit at tens place is two-third of the digit at hundreds place. The digit at tens place is square of the smallest prime number and the digit at thousands place is the largest single digit prime number. If the digit at unit place is the largest single digit odd number, then the number is

(1) 87649

(2) 49327

(3) 83419

(4) 42937

36. एक रेलगाड़ी पटना से 30 मई, 2020 को 23:40 घंटे पर चलती है और मुम्बई 1 जून, 2020 को 5:15 घंटे पर पहुँचती है । रेलगाड़ी की यात्रा का कुल समय कितना है ?

(1) 28 घंटे 20 मिनट

(2) 29 घंटे 35 मिनट

(3) 29 घंटे 15 मिनट

(4) 28 घंटे 25 मिनट

37. एक पाँच अंकों वाली संख्या में सौवें स्थान का अंक दस हज़ारवें स्थान के अंक का तीन–चौथाई है और दसवें स्थान का अंक सौवें स्थान के अंक का दो–तिहाई है । दसवें स्थान का अंक सबसे छोटी अभाज्य संख्या का वर्ग है और हज़ारवें स्थान का अंक एक अंक वाली सबसे बड़ी अभाज्य संख्या है । यदि इकाई स्थान का अंक सबसे बड़ी एक अंक वाली विषम संख्या है, तो संख्या है

(1) 87649

(2) 49327

(3) 83419

(4) 42937

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**38.** **What should be subtracted from the sum of 8008, 8088 and 8808 to obtain 17863 ?**

(1) 6121

(2) 6131

(3) 7041

(4) 7141

**39.** **A bucket of 16 litres capacity is filled to the brim with water. Water from this bucket is to be transferred into smaller utensils. A mug filled to capacity has to be dipped 50 times to completely transfer the water in the bucket into the utensils. What is the capacity of the mug ?**

(1) 225 mL

(2) 250 mL

(3) 275 mL

(4) 320 mL

**38.** **17863 पाने के लिए 8008, 8088 और 8808 के योग में से क्या घटाना होगा ?**

(1) 6121

(2) 6131

(3) 7041

(4) 7141

**39.** **16 लीटर धारिता वाली एक बालटी पूर्ण रूप से पानी से भरी हुई है । बालटी के इस पानी को छोटे–छोटे बर्तनों में भरा जाना है । बालटी में भरे समस्त पानी को एक मग (Mug) द्वारा 50 बार पूर्णतया भरकर छोटे–छोटे बर्तनों में स्थानांतरित किया जाता है । मग की धारिता क्या है ?**

(1) 225 mL

(2) 250 mL

(3) 275 mL

(4) 320 mL

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

40. A taxi meter shows charges of ₹ 50 for the first two kilometres of journey and ₹ 16 for every subsequent kilometre travelled. Manju pays ₹ 258 as fare to travel from her house to the railway station. How far is the railway station from her home ?

(1) 12 km
(2) 13 km
(3) 15 km
(4) 18 km

41. The following table shows marks obtained out of 100 by Maria and Shehnaz in five subjects :

| | Maria | Shehnaz |
|---|---|---|
| English | 74 | 81 |
| Maths | 88 | 78 |
| Social Science | 65 | 77 |
| Hindi | 73 | 72 |
| Science | 90 | 82 |

Based on the table above identify the correct statement from among the following :

(1) Maria has scored more marks than Shehnaz in all the subjects except the languages.
(2) Maria has scored more marks than Shehnaz in only two subjects.
(3) Shehnaz's aggregate marks in Maths and Science are more than Maria's aggregate marks in these subjects.
(4) The aggregate marks of Maria and Shehnaz are equal.

40. एक टैक्सी का मीटर पहले 2 किलोमीटर की यात्रा के लिए ₹ 50 का भाड़ा दिखाता है और उसके बाद प्रति किलोमीटर की यात्रा के लिए ₹ 16 का भाड़ा दिखाता है । मंजू ने अपने घर से रेलवे स्टेशन तक की यात्रा के लिए ₹ 258 किराया दिया । उसके घर से रेलवे स्टेशन की दूरी कितनी है ?

(1) 12 km
(2) 13 km
(3) 15 km
(4) 18 km

41. निम्नलिखित तालिका मारिया और शहनाज़ द्वारा 100 में से प्राप्त पाँच विषयों के अंक दर्शाती है :

| | मारिया | शहनाज़ |
|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | 74 | 81 |
| गणित | 88 | 78 |
| सामाजिक विज्ञान | 65 | 77 |
| हिंदी | 73 | 72 |
| विज्ञान | 90 | 82 |

ऊपर दी गई तालिका के आधार पर निम्नलिखित में से सही कथन को पहचानिए :

(1) भाषाओं को छोड़कर, मारिया ने शहनाज़ से प्रत्येक विषय में अधिक अंक प्राप्त किए हैं ।
(2) मारिया ने शहनाज़ से केवल दो विषयों में अधिक अंक प्राप्त किए हैं ।
(3) गणित और विज्ञान में शहनाज़ के कुल प्राप्तांक इन विषयों में मारिया के कुल प्राप्तांक से अधिक हैं ।
(4) मारिया और शहनाज़ के कुल प्राप्तांक समान हैं ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**42. Which of the following is a desirable teaching-learning practice in the context of Mathematics ?**

(1) Open ended questions should be avoided to prevent confusion.

(2) Intuitive understanding of concepts should be encouraged.

(3) Open book tests should be avoided.

(4) Students should be told to follow the prescribed steps of solving problems.

**43. Following are some questions posed by the teacher in the mathematics classroom :**

**A. What is the area of the rectangle whose one side is 5 cm and perimeter is 30 cm ?**

**B. Find a set of numbers whose median is 4.**

**C. List all prime numbers between 0−8.**

**D. Tell me anything mathematical information you know about rectangles.**

(1) A & B are closed ended questions and C & D are open ended questions.

(2) A, B & C are closed ended and D is open ended question.

(3) A is closed ended and B, C & D are open ended questions.

(4) A & C are closed ended and B & D are open ended questions.

**42. गणित के शिक्षण–अधिगम संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया वांछनीय है ?**

(1) भ्रांति को रोकने के लिए मुक्त उत्तर वाले (ओपन एन्डेड) प्रश्नों से बचना चाहिए ।

(2) संकल्पनाओं की अंतर्दर्शी समझ को प्रोत्साहित करना चाहिए ।

(3) खुली पुस्तक परीक्षा से बचना चाहिए ।

(4) विद्यार्थियों को बताना चाहिए कि प्रश्नों को हल करने के लिए निर्धारित कदमों का अनुकरण करें ।

**43. गणित के कक्षा कक्ष में अध्यापक ने निम्नलिखित कुछ प्रश्न प्रस्तुत किए :**

**A. उस आयत का क्या क्षेत्रफल है, जिसकी एक भुजा 5 cm और परिमाप 30 cm है ?**

**B. उन संख्याओं का समुच्चय ज्ञात कीजिए जिनका माध्यक 4 है ।**

**C. 0−8 के मध्य सभी अभाज्य संख्याओं की सूची बनाइए ।**

**D. आयतों के बारे में आपको जो भी गणितीय जानकारी है, मुझे बताइए ।**

(1) A व B बंद सिरे के प्रश्न हैं और C व D मुक्त सिरे वाले प्रश्न हैं ।

(2) A, B व C बंद सिरे वाले प्रश्न हैं और D मुक्त सिरे वाला प्रश्न है ।

(3) A बंद सिरे वाला प्रश्न है और B, C व D मुक्त सिरे वाले प्रश्न हैं ।

(4) A व C बंद सिरे वाले प्रश्न हैं और B व D मुक्त सिरे वाले प्रश्न हैं ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

44. **Which of the following is least likely to impact teaching-learning in mathematics ?**

(1) Enhanced quality of feedback

(2) Using results of assessment to modify teaching

(3) Knowing ways in which assessment affected the confidence of learners.

(4) Providing complete solutions to students' wrong answers.

45. **Rohit realises that square is both a rhombus and a rectangle. He is at what stage of Van Hiele's visual thinking ?**

(1) Level 0 (Recognition)

(2) Level 1 (Analysis)

(3) Level 2 (Relationships)

(4) Level 3 (Deduction)

44. **गणित के शिक्षण–अधिगम पर निम्नलिखित में से किसका प्रभाव होने की संभावना न्यूनतम है ?**

(1) प्रतिपुष्टि की गुणवत्ता में वृद्धि ।

(2) मूल्यांकन के परिणामों के प्रयोग से शिक्षण में परिवर्तन करना ।

(3) मूल्यांकन के कारण छात्रों के आत्मविश्वास पर प्रभाव पड़ने के तरीकों की जानकारी होना ।

(4) छात्रों के गलत उत्तरों के पूरे हल देना ।

45. **रोहित ने अनुभव किया कि वर्ग एक समचतुर्भुज और एक आयत, दोनों ही है । वह वैन हील के मानस चिंतन के कौन से चरण पर है ?**

(1) स्तर 0 (पहचानना)

(2) स्तर 1 (विश्लेषण)

(3) स्तर 2 (संबंध)

(4) स्तर 3 (निगमन)

46. **"The sum of any two whole numbers is a whole number."**

**This property of whole numbers is referred to as**

(1) closure property

(2) commutative property

(3) associative property

(4) distributive property

47. **Which of the following statements regarding mathematics teaching-learning is <u>incorrect</u> ?**

(1) Mathematical learning is a social process involving dialogue.

(2) Culture and context has no role in constructing mathematical knowledge.

(3) Mathematical knowledge can be created in primary class students through observation of pattern and generalisations.

(4) Argumentation and negotiation play an important role in creating mathematical knowledge.

46. **"किन्हीं दो पूर्ण संख्याओं का योग एक पूर्ण संख्या होता है ।"**

**पूर्ण संख्याओं के इस गुण को इस प्रकार उल्लेखित किया जाता है :**

(1) संवरक गुण

(2) क्रमविनिमेय गुण

(3) साहचर्य गुण

(4) वितरण गुण

47. **गणित के शिक्षण–अधिगम के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य <u>नहीं</u> है ?**

(1) गणितीय अधिगम एक सामाजिक प्रक्रिया है जिसमें संवाद सम्मिलित है ।

(2) गणितीय ज्ञान की रचना में संस्कृति और संदर्भों की कोई भूमिका नहीं है ।

(3) नमूनों के अवलोकन और सामान्यीकरण से प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों में गणितीय ज्ञान का सर्जन किया जा सकता है ।

(4) गणितीय ज्ञान के सर्जन में तर्क और वार्ता की एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है ।

48. **Which of the following statements is/are true regarding teaching 'Numbers' at primary level ?**

**A. Intuitive understanding of numbers should be encouraged.**

**B. Writing numbers should be taught in sequence.**

**C. Writing of numbers as Numerals should preceed counting.**

**D. Order irrelevance of numbers should be encouraged.**

(1) A and B

(2) B and C

(3) A and D

(4) C and D

49. **Which of the following is the most important aspect of teaching of mathematics at primary level ?**

(1) Making mathematics part of children's life experiences.

(2) Developing rigour in calculations.

(3) Preparing for higher education and employment.

(4) Promoting and preparing for technology.

48. **प्राथमिक स्तर पर 'संख्याओं' को पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ?**

**A. संख्याओं की अंतर्दर्शी समझ को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ।**

**B. संख्यांकों को लिखना अनुक्रम में पढ़ाना चाहिए ।**

**C. गणना से पहले संख्याओं को संख्यांक रूप में लिखना सिखाना चाहिए ।**

**D. संख्याओं में अनुक्रम असंगति को प्रोत्साहित करना चाहिए ।**

(1) A और B

(2) B और C

(3) A और D

(4) C और D

49. **प्राथमिक स्तर पर गणित पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा पहलू अत्यंत महत्त्वपूर्ण है ?**

(1) गणित को बच्चों के जीवन के अनुभवों का भाग बनाना ।

(2) परिकलन में परिशुद्धता विकसित करना ।

(3) उच्चतर पढ़ाई और रोज़गार के लिए तैयार करना ।

(4) प्रौद्योगिकी के लिए प्रोत्साहन और तैयारी कराना ।

**50. Which of the following activities is <u>most likely</u> to develop spatial reasoning among students ?**

(1) Identifying patterns in a number-chart

(2) Solving Sudoku puzzles

(3) Identifying tessellating figures

(4) Drawing bar graphs to represent data

**51. Which of the following is most suitable for teaching children the concept of fractions ?**

(1) Abacus

(2) Geoboards

(3) Number charts

(4) Cuisenaire rods

**52. Which of the following statements is <u>NOT correct</u> with regard to nature of mathematics ?**

(1) Argumentation skill is important in construction of mathematical knowledge.

(2) Mathematical concepts are hierarchical in nature.

(3) Primary level mathematics is concrete and does not require abstraction.

(4) Mathematics uses special vocabulary to communicate ideas precisely.

**50. निम्नलिखित क्रियाकलापों में से किससे विद्यार्थियों में त्रिविम विवेचन (दिक्स्थान की समझ) विकसित होने की सर्वाधिक संभावना है ?**

(1) एक संख्या चार्ट में नमूने को पहचानना ।

(2) सूडोकू पहेली को हल करना ।

(3) चौपड़ आकृतियों को पहचानना ।

(4) आँकड़ों को निरूपित करने के लिए दण्ड आलेख खींचना ।

**51. बच्चों को भिन्न की संकल्पना पढ़ाने के लिए निम्नलिखित में से क्या अत्यंत उपयुक्त है ?**

(1) गिनतारा

(2) जियोबोर्ड

(3) संख्या चार्ट

(4) क्विज़िनेयर छड़ें

**52. गणित की प्रकृति के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य <u>नहीं</u> है ?**

(1) गणितीय ज्ञान की संरचना में तर्क कौशल महत्त्वपूर्ण है ।

(2) गणितीय संकल्पनाओं की प्रकृति श्रेणीबद्ध है ।

(3) प्राथमिक स्तर पर गणित प्रत्यक्ष है और कल्पना की आवश्यकता नहीं है ।

(4) गणित में विचारों के सही संचारण के लिए विशेष शब्दावली का प्रयोग होता है ।

**53. In which of the following statements, number 'three' is used in ordinal sense ?**

(1) I live on the third floor of this building.

(2) This house has three rooms.

(3) All groups have three team members.

(4) This box contains many sets of three pencils.

**54. Identify the correct statement.**

(1) If two figures have same area, their perimeters are equal.

(2) If two figures have same perimeter, their areas are equal.

(3) The units of perimeter and area are same.

(4) The shape of figure determines the perimeter.

**53. निम्नलिखित कथनों में से किसमें संख्या तीन का प्रयोग क्रमसूचक भाव में हुआ है ?**

(1) मैं इस इमारत की तीसरी मंजिल पर रहता हूँ।

(2) इस घर में तीन कमरे हैं।

(3) प्रत्येक समूह में तीन टीम सदस्य हैं।

(4) इस डिब्बे में तीन पेंसिलों के कई समूह हैं।

**54. शुद्ध कथन को पहचानिए :**

(1) यदि दो आकृतियों का क्षेत्रफल समान है, तो उनका परिमाप समान होगा।

(2) यदि दो आकृतियों का परिमाप समान है, तो उनका क्षेत्रफल समान होगा।

(3) परिमाप और क्षेत्रफल का मात्रक समान होता है।

(4) किसी आकृति का आकार उसके परिमाप का निर्धारण करता है।

**55. Identify the correct statement with respect to the mathematics curriculum.**

(1) The foundation of algebraic thinking can be laid at primary level.

(2) The concept of fractions should be introduced only at upper primary level.

(3) The concept of negative numbers should be introduced at primary level for better understanding.

(4) The concept of area-measurement should be introduced only at upper primary level.

**56. Identify the correct statement with regard to introducing the concept of triangles at primary level.**

(1) Definition of a triangle should be provided first.

(2) Children should only be exposed to equilateral triangles to avoid confusion.

(3) Children should be exposed to triangles of all types but exposure to other figures should be avoided.

(4) Children should be exposed to triangles of all types and also to other figures.

**55. गणितीय पाठ्यक्रम के संबंध में शुद्ध कथन को पहचानिए।**

(1) बीजगणितीय विचारों की नींव प्राथमिक स्तर पर डाली जा सकती है।

(2) भिन्नों की संकल्पना का परिचय केवल उच्च प्राथमिक स्तर पर देना चाहिए।

(3) समझ को बेहतर करने के लिए ऋणात्मक संख्याओं की संकल्पनाओं का परिचय प्राथमिक स्तर पर देना चाहिए।

(4) क्षेत्रफल-मापन की संकल्पना का परिचय केवल उच्च प्राथमिक स्तर पर देना चाहिए।

**56. प्राथमिक स्तर पर त्रिभुजों की अवधारणा का परिचय देने के संबंध में शुद्ध कथन को पहचानिए।**

(1) सबसे पहले त्रिभुज की परिभाषा दे दी जानी चाहिए।

(2) संभ्रांति से बचाने के लिए बच्चों को केवल समबाहु त्रिभुज ही प्रस्तुत कराने चाहिए।

(3) बच्चों के समक्ष विभिन्न प्रकारों के त्रिभुज प्रस्तुत किए जाने चाहिए परन्तु अन्य आकृतियों से दूर रखना चाहिए।

(4) बच्चों के समक्ष सभी प्रकार के त्रिभुज व अन्य आकृतियाँ भी प्रस्तुत करानी चाहिए।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**57.** **In a division sum, the divisor is 5 times the quotient and twice the remainder. If the remainder is 5, what is the number ?**

(1) 52

(2) 15

(3) 25

(4) 48

**58.** **The sum of five consecutive numbers is 20. What is the sum of first three consecutive numbers ?**

(1) 5

(2) 9

(3) 11

(4) 12

**57.** **एक विभाजन के प्रश्न में भाजक, भागफल का 5 गुना है और शेषफल का दुगुना है । यदि शेषफल 5 है, तो संख्या क्या है ?**

(1) 52

(2) 15

(3) 25

(4) 48

**58.** **पाँच क्रमागत संख्याओं का योग 20 है । प्रथम तीन क्रमागत संख्याओं का योग क्या है ?**

(1) 5

(2) 9

(3) 11

(4) 12

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**59. A wire in the form of a square encloses an area of 144 cm$^2$. How much area is enclosed if the same wire is bent in the form of a rectangle of length 16 cm ?**

(1) 124 cm$^2$

(2) 48 cm$^2$

(3) 128 cm$^2$

(4) 96 cm$^2$

**60. Amongst the following fractions, the largest and second largest fractions, respectively are**

$$\frac{5}{6}, \frac{3}{4}, \frac{1}{2}, \frac{2}{3}, \frac{3}{5}$$

(1) $\frac{5}{6}$ and $\frac{3}{4}$

(2) $\frac{5}{6}$ and $\frac{3}{5}$

(3) $\frac{3}{5}$ and $\frac{2}{3}$

(4) $\frac{3}{4}$ and $\frac{1}{2}$

**59. एक वर्ग के रूप में तार 144 cm$^2$ का क्षेत्रफल घेरती है । यदि इसी तार को एक आयत के रूप में मोड़ा जाए जिसकी लम्बाई 16 cm है, तो कितना क्षेत्रफल घेरा जाएगा ?**

(1) 124 cm$^2$

(2) 48 cm$^2$

(3) 128 cm$^2$

(4) 96 cm$^2$

**60. निम्नलिखित भिन्नों में से सबसे बड़ी और दूसरी सबसे बड़ी भिन्न क्रमशः हैं :**

$$\frac{5}{6}, \frac{3}{4}, \frac{1}{2}, \frac{2}{3}, \frac{3}{5}$$

(1) $\frac{5}{6}$ और $\frac{3}{4}$

(2) $\frac{5}{6}$ और $\frac{3}{5}$

(3) $\frac{3}{5}$ और $\frac{2}{3}$

(4) $\frac{3}{4}$ और $\frac{1}{2}$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## PART – III / भाग – III
## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

61. **Which one of the following is NOT a Union Territory of India ?**
(1) Laddakh
(2) Jammu & Kashmir
(3) Manipur
(4) Chandigarh

62. **Which among the following produce crude oil (Petroleum) ?**
(1) Bombay High and West Bengal
(2) Assam and Odisha
(3) Gujarat and Tamil Nadu
(4) Bihar and Bombay High

63. **The Constitution of our country was prepared under the leadership of**
(1) Mohandas Karamchand Gandhi
(2) Sardar Vallabh Bhai Patel
(3) Dr. Bhim Rao Baba Saheb Ambedkar
(4) Sarvapalli Dr. Radha Krishnan

64. **Consider the following functions for plants :**
**A. To give support to the plant**
**B. To provide humus**
**C. To store food**
**D. To absorb water and minerals**
**The functions of roots are**
(1) A and B only
(2) C and D only
(3) B, C and D
(4) A, C and D

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

61. **निम्नलिखित में से कौन सा एक भारत का संघ शासित प्रदेश नहीं है ?**
(1) लद्दाख
(2) जम्मू और कश्मीर
(3) मणिपुर
(4) चंडीगढ़

62. **निम्नलिखित में से कौन से कच्चे तेल (पेट्रोलियम) के उत्पादक हैं ?**
(1) बॉम्बे हाई तथा पश्चिम बंगाल
(2) असम और ओडिशा
(3) गुजरात और तमिलनाडु
(4) बिहार और बॉम्बे हाई

63. **हमारे देश का संविधान निम्नलिखित में से किसके नेतृत्व में बनाया गया था ?**
(1) मोहनदास करमचंद गांधी
(2) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(3) डॉ. भीम राव बाबा साहेब अम्बेडकर
(4) सर्वपल्ली डॉ. राधा कृष्णनन

64. **पौधों के लिए किए जाने वाले नीचे दिए गए कार्यों पर विचार कीजिए :**
**A. पौधे को सहारा देना ।**
**B. ह्यूमस प्रदान करना ।**
**C. भोजन संचित / भण्डारण करना ।**
**D. पानी और खनिजों को अवशोषित करना ।**
**इनमें से जड़ों के कार्य हैं :**
(1) केवल A और B
(2) केवल C और D
(3) B, C और D
(4) A, C और D

**65. Pochampalli is a town of Southern State of India which is famous for its beautifully designed bright-coloured Pochampalli sarees and for the special kind of weave which is also called Pochampalli. This town is now a part of**

(1) Karnataka

(2) Kerala

(3) Telangana

(4) Tamil Nadu

**66. Select from the following a group of eatables each member of which is rich in iron.**

(1) Jaggery, Amla, Tomato

(2) Amla, Spinach, Jaggery

(3) Amla, Cabbage, Tomato

(4) Cabbage, Amla, Spinach

**67. Select from the following a group of birds each member of which is able to see distinctly the object four times as far as we can see.**

(1) Doves, Crows, Peacocks

(2) Eagles, Pigeons, Parrots

(3) Crows, Kites, Nightingales

(4) Eagles, Kites, Vultures

**65. पोचमपल्ली भारत के दक्षिणी राज्य का एक कस्बा है जो सुन्दरता से डिज़ाइन की गयी चमकदार रंगों की पोचमपल्ली साड़ियों और विशेष प्रकार की बुनाई, जिसे भी पोचमपल्ली ही कहते हैं, के लिए प्रसिद्ध है । यह कस्बा अब किस राज्य का भाग है ?**

(1) कर्नाटक

(2) केरल

(3) तेलंगाना

(4) तमिलनाडु

**66. निम्नलिखित में से खाद्य पदार्थों के उस समूह को चुनिए जिसके प्रत्येक सदस्य में लौह तत्त्व प्रचुर मात्रा में होता है :**

(1) गुड़, आँवला, टमाटर

(2) आँवला, पालक, गुड़

(3) आँवला, बंदगोभी, टमाटर

(4) बंदगोभी, आँवला, पालक

**67. निम्नलिखित में से पक्षियों का वह समूह चुनिए जिसका प्रत्येक सदस्य हमारी तुलना में चार गुनी अधिक दूरी की वस्तुओं को स्पष्ट देख सकने योग्य है :**

(1) फ़ाख़्ता, कौआ, मोर

(2) बाज़, कबूतर, तोता

(3) कौआ, चील, बुलबुल

(4) बाज़, चील, गिद्ध

**68. In which one of the following states most villagers construct their wooden houses 3 to 3.5 m above the ground on strong bamboo pillars with sloping roofs ?**

(1) Rajasthan

(2) Laddakh

(3) Assam

(4) Odisha

**69. With respect to the location of Delhi on the map of India the directions of the locations of Gandhinagar (Capital of Gujarat) and Patna (Capital of Bihar) respective are**

(1) south-east and south-west

(2) south-west and south-east

(3) north-east and south-west

(4) south-west and north-east

**70. Which one of the following did experiments with pea plants and found that pea plant has some traits which come in pairs - such as rough or smooth, tall or short, yellow or green etc. ?**

(1) Dr. M.S. Swaminathan

(2) Gregor Johann Mendel

(3) George Mestral

(4) Charles Darwin

**68. नीचे दिए किस एक राज्य के ग्रामीण लोग अपने ढालू छत वाले लकड़ी के मकान मजबूत बाँस के खम्बों पर धरती से 3 से 3.5 मीटर की ऊँचाई पर बनाते हैं ?**

(1) राजस्थान

(2) लद्दाख

(3) असम

(4) ओडिशा

**69. भारत के मानचित्र में दिल्ली की स्थिति के सापेक्ष गांधीनगर (गुजरात की राजधानी) और पटना (बिहार की राजधानी) की दिशाएँ क्रमशः हैं**

(1) दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम

(2) दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व

(3) उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम

(4) दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पूर्व

**70. निम्नलिखित में से किसने मटर के पौधों के साथ प्रयोग किए और यह पाया कि मटर के पौधों में कुछ ऐसे लक्षण होते हैं जो जोड़ियों में पाए जाते हैं जैसे चिकने या खुरदरे, लम्बे या बौने, पीले या हरे, आदि**

(1) डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन

(2) ग्रगोर जॉहन मेण्डल

(3) जॉर्ज मेस्ट्रल

(4) चार्ल्स डार्विन

**71. Which of the following is one of the six themes suggested in the EVS syllabus as per NCF 2005 ?**

(1) Material

(2) Natural Resources

(3) Things we make and do

(4) How things work

**72. What should be avoided in anecdotal records ?**

**a. Identifying mainly problematic situations**

**b. Making statements of judgement**

**c. Identifying strengths and weaknesses**

**d. Identifying child's areas of interests and relationships, etc.**

(1) a and b

(2) c and d

(3) a, b and c

(4) a, c and d

**73. How will you plan for an integrated EVS classroom ?**

(1) Combine two or more subject areas into one lesson.

(2) Separate all the subjects into a different plans.

(3) Arrange separate teachers for science and social science.

(4) Arrange separate teacher specializing in environmental science

**71. निम्नलिखित में से कौन सा एनसीएफ 2005 के अनुसार ईवीएस पाठ्यक्रम में सुझाए गए छह विषयों में से एक है ?**

(1) पदार्थ

(2) प्राकृतिक संसाधन

(3) चीजें जो हम बनाते हैं और करते हैं ।

(4) चीजें कैसे काम करती हैं ।

**72. उपाख्यान अभिलेखों में क्या नहीं दर्ज करना चाहिए ?**

**a. मुख्य रूप से समस्याग्रस्त स्थितियों की पहचान करना ।**

**b. निर्णय वाले कथनों को लिखना ।**

**c. मज़बूतियों और कमजोरियों की पहचान करना ।**

**d. बच्चे की रुचियों और संबंधों आदि की पहचान करना ।**

(1) a और b

(2) c और d

(3) a, b और c

(4) a, c और d

**73. आप एक एकीकृत ईवीएस कक्षा के लिए कैसे योजना बनाएँगे ?**

(1) एक पाठ में दो या अधिक विषय क्षेत्रों को मिलाएँगे ।

(2) अलग योजनाओं में सभी विषयों को अलग करेंगे ।

(3) विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के लिए अलग अध्यापकों का प्रबन्ध करेंगे ।

(4) पर्यावरण विज्ञान के लिए अलग अध्यापक का प्रबन्ध करेंगे ।

**74. Puneet gave his class V learners an outline of human body and asked them to draw the digestive system before teaching chapter on food. Puneet wanted to**

(1) test if learners could make labelled diagrams.

(2) elicit learners' ideas about digestion.

(3) identify learners with good drawing skills.

(4) evaluate learners on the process of digestion.

**75. Which of the following is <u>not correct</u> with respect to formative assessment ?**

(1) It is to be reported in every quarter of report card.

(2) It helps the teacher in taking timely action for enhancing learning.

(3) It is to monitor student's progress.

(4) Any information on learning of child can help in formative assessment.

**76. Smita wanted to sensitize her learners about gender disparity and stereotypes related to work. What should Smita choose to do in her class from the following suggestions ?**

(1) Present students with stereotypical models.

(2) Show flashcards of different kinds of work.

(3) Ask only boys to sweep the classroom daily.

(4) Invite a student's mother to class who is an auto driver.

**74. पुनीत ने अपनी कक्षा 5 के शिक्षार्थियों को मानव शरीर की एक रूपरेखा दी और उन्हें भोजन विषय पढ़ाने से पहले पाचन तंत्र को बनाने को कहा । पुनीत चाहता था**

(1) परीक्षण करना कि शिक्षार्थी नामांकित आरेख बना सकता है ।

(2) पाचन से संबंधित शिक्षार्थियों के विचारों को प्राप्त करना ।

(3) अच्छे ड्राइंग कौशलों वाले शिक्षार्थियों की पहचान करना ।

(4) पाचन की प्रक्रिया पर शिक्षार्थियों का मूल्यांकन करना ।

**75. निम्नलिखित में से क्या रचनात्मक आकलन के संबंध में सही <u>नहीं</u> है ?**

(1) रिपोर्ट कार्ड के प्रत्येक तिमाही में इसकी सूचना दी जानी है ।

(2) अधिगम को सुदृढ़ करने के लिए यह अध्यापक को समय पर कार्यवाही करने में मदद करता है ।

(3) इसको छात्रों की प्रगति की निगरानी करनी है ।

(4) बच्चे के सीखने की कोई भी जानकारी रचनात्मक आकलन में मदद कर सकती है ।

**76. स्मिता अपने शिक्षार्थियों को कार्य से संबंधित लैंगिक विषमता और रूढ़िवादी छवियों के प्रति संवेदनशील करना चाहती है । स्मिता को निम्नलिखित में से अपनी कक्षा में क्या करना चाहिए ?**

(1) रूढ़िवादी मॉडलों को छात्रों को प्रस्तुत करें ।

(2) विभिन्न प्रकार के कार्यों के फ्लैश कार्ड दिखाएँ ।

(3) केवल लड़कों से प्रतिदिन कक्षा को साफ करने को कहे ।

(4) एक छात्र की माँ को कक्षा में आमंत्रित करे जो ऑटो चालक है ।

77. **Smayan of class V usually does not do his given class work. The best measure to address the situation could be to**

(1) talk to him to find his difficulty and adjust class work accordingly.

(2) make another child help complete his class work.

(3) talk to parents and counsel them.

(4) give him alternative and simpler home work.

78. **Muskan organized a debate on the topic 'Use of diesel vehicles in transportation should be prohibited'. What is the purpose of organizing this debate by Muskan in classroom ?**

(1) She wants to sensitize students on the need to ban diesel vehicles completely in transportation.

(2) It would help in knowing student's views and correcting them.

(3) She wants to sensitise students on advantages of using modern vehicles.

(4) It helps students in appreciating multiple perspectives on this issue.

79. **Mapping skills in EVS help develop**

(1) the skill of drawing landscapes

(2) the skill of predicting and calculating

(3) recording skill

(4) understanding of relative position of places

77. **कक्षा V के समयन आमतौर पर अपना दिया हुआ कक्षा का कार्य नहीं करते हैं। मुद्दे को हल करने का सबसे अच्छा उपाय हो सकता है**

(1) उसकी कठिनाई का पता लगाने और उसके अनुसार कक्षा कार्य को समायोजित करने के लिए उससे बात करें।

(2) किसी दूसरे बच्चे को उसकी कक्षा के कार्य को पूरा करने में मदद करें।

(3) माता-पिता से बात करें और उन्हें सलाह दें।

(4) उसे वैकल्पिक और आसान गृहकार्य दें।

78. **मुस्कान ने "परिवहन में डीजल वाहनों का उपयोग निषिद्ध होना चाहिए" विषय पर एक वाद-विवाद का आयोजन किया। मुस्कान के द्वारा इस विषय पर कक्षा में वाद-विवाद के आयोजन का क्या उद्देश्य है ?**

(1) वह पूरी तरह से परिवहन में डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता पर छात्रों को संवेदनशील बनाना चाहती है।

(2) यह छात्रों के विचारों को जानने और उन्हें सही करने में मदद करेगा।

(3) वह आधुनिक वाहनों के उपयोग के लाभों पर छात्रों को संवेदनशील बनाना चाहती है।

(4) यह इस मुद्दे पर छात्रों को कई दृष्टिकोणों की सराहना करने में मदद करता है।

79. **ईवीएस में मानचित्रण कौशल**

(1) लैंडस्कैप खींचने के कौशल को विकसित करता है।

(2) पूर्वानुमान और गणना के कौशल को विकसित करता है।

(3) रिकॉर्डिंग कौशल को विकसित करता है।

(4) स्थानों की सापेक्ष स्थिति की समझ को विकसित करता है।

**80. The integrated nature of EVS helps to**

(1) reduce the curriculum load and introduce specific topics.

(2) reduce curriculum load and help children to learn meaningfully.

(3) follow child-centered approach and introduce larger number of concepts.

(4) learn from information and description provided.

**81. Which of the following is NOT a broad indicator of EVS assessment ?**

(1) Co-operation

(2) Concern for justice

(3) Concern for equality

(4) Concept mapping

**82. There is a paragraph in class V EVS textbook based on Al-Biruni's observation of construction of ponds in India some thousand years ago. What would be the purpose of including this paragraph ?**

**a. It helps learners to identify sources of history.**

**b. It helps learners to improve their recording of observations.**

**c. It helps learners to appreciate technology present in India some 1000 years back.**

**d. It helps learners to appreciate the role of evidence in history.**

(1) a, b, c

(2) a, c, d

(3) only a & d

(4) only a & c

**80. ईवीएस की एकीकृत प्रकृति सहायक है**

(1) पाठ्यचर्या के भार को कम करने और विशिष्ट प्रकरणों को पेश करने में ।

(2) पाठ्यचर्या के भार को कम करने और शिक्षार्थियों को सार्थकतापूर्वक सीखने में ।

(3) शिक्षार्थी केन्द्रित उपागम का पालन करने और संकल्पनाओं की अधिक संख्या का परिचय देने में ।

(4) दी गई सूचनाओं और विवरणों से सीखने में ।

**81. निम्नलिखित में से क्या ईवीएस में आकलन का एक व्यापक संकेतक नहीं है ?**

(1) सहयोग

(2) न्याय के प्रति सरोकार

(3) समानता के प्रति सरोकार

(4) अवधारणा मानचित्रण

**82. कुछ हज़ार साल पहले भारत में तालाबों के निर्माण के अल–बिरुनी के अवलोकन के आधार पर कक्षा 5 के ईवीएस के पाठ्य–पुस्तक में एक अनुच्छेद है । इस अनुच्छेद को शामिल करने का क्या उद्देश्य होगा ?**

**a. यह इतिहास के स्रोतों की पहचान करने में शिक्षार्थियों की मदद करता है ।**

**b. यह शिक्षार्थियों को उनके अवलोकनों की रिकॉर्डिंग में सुधार करने में मदद करता है ।**

**c. यह शिक्षार्थियों को कुछ 1000 साल पहले भारत में मौजूद तकनीक की सराहना करने में मदद करता है ।**

**d. यह शिक्षार्थियों को इतिहास में साक्ष्य की भूमिका की सराहना करने में मदद करता है ।**

(1) a, b, c

(2) a, c, d

(3) केवल a और d

(4) केवल a और c

**83. With over fifty students in her class, Vani wants to engage them in an activity which involves maximum number of senses to enhance learning. Which of the following activities will be suitable for this purpose ?**

(1) inviting resource persons from community to demonstrate their skills.

(2) encouraging group discussion.

(3) using smart classroom for relevant a-v material.

(4) organizing field trip to a nearby place.

**84. Why does Iqra encourage her learners to read newspaper and magazines in EVS ?**

(1) These are entertaining resources available.

(2) These help learners to engage with the real world.

(3) These help learners to become independent.

(4) These help learners become competitive.

**85. Questioning as a strategy in teaching-learning of EVS is used for**

(1) Maintaining discipline

(2) Drawing attention

(3) Promoting adherence to rules

(4) Arousing curiosity in classroom

**83. अपनी कक्षा में पचास से अधिक छात्रों के साथ वाणी उन्हें एक ऐसी गतिविधि में जोड़ना चाहती है, जिसमें सीखने को बढ़ाने के लिए अधिकतम संख्या में इंद्रियाँ शामिल हों । निम्न में से कौन सा क्रियाकलाप उपरोक्त कार्य के लिए ठीक होगा ?**

(1) कौशलों के प्रदर्शन के लिए समुदाय से संदर्भ व्यक्तियों को आमंत्रित करना ।

(2) समूह चर्चा को प्रोत्साहित करना ।

(3) उचित ए–वी साधन के लिए स्मार्ट कक्षा–कक्ष का उपयोग करना ।

(4) नजदीक के स्थान के लिए क्षेत्र भ्रमण का आयोजन करना ।

**84. इकरा अपने शिक्षार्थियों को ईवीएस में समाचार– पत्रों और पत्रिकाओं को पढ़ने के लिए क्यों प्रोत्साहित करती है ?**

(1) ये मनोरंजक संसाधन उपलब्ध हैं ।

(2) ये शिक्षार्थियों को उनके अपने संसार से जुड़ने में सहायता करते हैं ।

(3) ये शिक्षार्थियों को स्वतंत्र बनाने में सहायता करते हैं ।

(4) ये शिक्षार्थियों को प्रतिस्पर्धी बनाते हैं ।

**85. पर्यावरण–अध्ययन में प्रश्न करने को एक युक्ति के रूप में उपयोग किया जाता है**

(1) अनुशासन को बनाए रखने के लिए

(2) ध्यान खींचने के लिए

(3) नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए

(4) कक्षा–कक्ष में जिज्ञासा को बढ़ाने के लिए

**86. In which one of the following states the meaning of "Torang" is jungle ?**

(1) Assam

(2) Odisha

(3) Mizoram

(4) Jharkhand

**87. Your house is located at X and your school is located at Y. Although your school is just opposite but you cannot go straight because of the busy highway in between. So, you first go 125 m due south, then cross a 100 m long subway which is due east and finally reach your school at Y which is 125 m due north. With respect to school at Y your house at X is**

(1) 125 m due south

(2) 100 m due east

(3) 100 m due west

(4) 125 m due north

**86. नीचे दिये गये कौन से एक राज्य में तोरांग का अर्थ है – जंगल ?**

(1) असम

(2) ओडिशा

(3) मिज़ोरम

(4) झारखण्ड

**87. आपका घर X पर स्थित है तथा आपका विद्यालय Y पर स्थित है । यद्यपि आपका विद्यालय ठीक सामने है परन्तु बीच में व्यस्त राजमार्ग होने के कारण आप सीधे नहीं जा सकते हैं । अत: पहले आप ठीक दक्षिण में 125 m दूर जाते हैं, फिर ठीक पूर्व में 100 m लम्बा सुरंग पथ पार करते हैं और अन्त में आप ठीक उत्तर में 125 m दूरी पर Y पर अपने विद्यालय पहुँचते हैं । Y पर विद्यालय के सापेक्ष X पर आपका घर कहाँ स्थित है ?**

(1) 125 m ठीक दक्षिण

(2) 100 m ठीक पूर्व

(3) 100 m ठीक पश्चिम

(4) 125 m ठीक उत्तर

**88. A boy boarded a train on 4th June, 2020 at Nagarcoil for Madgaon. The train departed at 22:30 hours from Nagarcoil and reached Madgaon at 04:30 hours on 6th June, 2020. If the distance covered by the train during this time interval is 1145 km, the average speed of the train was nearly**

(1) 36.5 km/h

(2) 38.5 km/h

(3) 40.5 km/h

(4) 42.5 km/h

**89. Which one of the following statements is NOT true for the honeybees and beehives ?**

(1) Every beehive has one queen bee that lays eggs.

(2) Male bees are very important for the hives.

(3) Most of the bees in the hive are worker bees.

(4) There are only a few males in the hive.

**90. Today we cannot think of food without chillies. These were brought to our country by traders coming from**

(1) Afghanistan

(2) England

(3) South America

(4) South Africa

**88. कोई लड़का नागरकोइल से मड़गाँव जाने के लिए 4 जून, 2020 को किसी रेलगाड़ी में सवार हुआ । यह रेलगाड़ी 22.30 बजे नागरकोइल से चली और 6 जून, 2020 को 04:30 बजे मड़गाँव पहुँची । यदि इस समय अंतराल में रेलगाड़ी ने 1145 km दूरी तय की, तो रेलगाड़ी की औसत चाल लगभग क्या थी ?**

(1) 36.5 km/h

(2) 38.5 km/h

(3) 40.5 km/h

(4) 42.5 km/h

**89. नीचे दिया गया कौन सा कथन मधुमक्खियों और छत्तों के विषय में सही नहीं है ?**

(1) प्रत्येक छत्ते में एक रानी मक्खी होती है जो अण्डे देती है ।

(2) नर मक्खियाँ छत्तों के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होती हैं ।

(3) छत्ते में बहुत सारी काम करने वाली मक्खियाँ होती हैं ।

(4) छत्ते में केवल कुछ नर मक्खियाँ होती हैं ।

**90. आज हम मिर्ची के बिना भोजन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं । इसे व्यापारी हमारे देश में लाए थे**

(1) अफगानिस्तान से

(2) इंग्लैण्ड से

(3) दक्षिणी अमरीका से

(4) दक्षिणी अफ्रीका से

# PART – IV
# LANGUAGE – I
# ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 91 to 99), by selecting the correct/ most appropriate options :**

1. Each drop represents a little bit of creation and of life itself. When the monsoon brings to northern India the first rains of summer, the parched earth opens its pores and quenches its thirst with a hiss of ecstasy. After baking in the sun for the last few months, the land looks cracked, dusty and tired. Now, almost overnight, new grass springs up, there is renewal everywhere, and the damp earth releases a fragrance sweeter than any devised by man.

2. Water brings joy to earth, grass, leaf-bud, blossom, insect, bird, animal and the pounding heart of man. Small children run out of their homes to romp naked in the rain. Buffaloes, which have spent the summer listlessly around lakes gone dry, now plunge into a heaven of muddy water. Soon the lakes and rivers will overflow with the monsoon's generosity. Trekking in the Himalayan foothills, I recently walked for kilometres without encountering habitation. I was just scolding myself for not having brought along a water-bottle, when I came across a patch of green on a rock face. I parted a curtain of tender maiden hair fern and discovered a tiny spring issuing from the rock-nectar for the thirsty traveller.

3. I stayed there for hours, watching the water descend, drop by drop, into a tiny casement in the rocks. Each drop reflected creation. That same spring, I later discovered, joined other springs to form a swift, tumbling stream, which went cascading down the hill into other streams until, in the plains, it became part of a river. And that river flowed into another mightier river that kilometres later emptied into the ocean. Be like water, taught Laotzu, philosopher and founder of Taoism. Soft and limpid, it finds its way through, over or under any obstacle. It does not quarrel; it simply moves on.

**91. Children respond to the first rains of summer by**

(1) giving shouts of joy.

(2) floating paper boats in water.

(3) running and playing in the rain.

(4) singing songs.

**92. The tiny spring issuing from the rock is hidden by**

(1) thick moss.

(2) maiden hair fern.

(3) bushes and creepers.

(4) tall grass.

**93. To become part of a river, a tiny drop has to**

(1) have a lot of strength.

(2) depend on external forces.

(3) suffer a lot.

(4) merge its identity.

**94. Which of the following words is most similar in meaning to the word 'pounding' as used in para 2 of the passage ?**

(1) shaking

(2) benumbing

(3) palpitating

(4) sinking

**95. Which one of the following words is most opposite in meaning to the word 'descend' (para 3) as used in the passage ?**

(1) flow

(2) ascend

(3) hover

(4) zoom

**96. Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**<u>Almost</u> overnight new grass spring up.**

(1) Preposition

(2) Pronoun

(3) Adjective

(4) Adverb

**97. Which part of the following sentence contains an error ?**

**<u>He knew</u> (a) <u>that he will</u> (b) <u>go back</u> (c) <u>on his promise</u> (d).**

(1) (a)

(2) (b)

(3) (c)

(4) (d)

**98. Which of the following statements is not true ?**

(1) There is renewal everywhere.

(2) New grasses spring up.

(3) The sweltering heat comes to an end.

(4) The damp earth releases a sweet fragrance.

**99. The earth does not look ________ before the onset of the monsoon.**

(1) cracked

(2) brown

(3) dusty

(4) tired

**Directions : Read the poem given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 100 to 105) by selecting the correct/most appropriate options :**

I think that I shall never see
A poem lovely as a tree.

A tree whose hungry mouth is prest
Against the earth's sweet flowing breast;

A tree that looks at God all day,
And lifts her leafy arms to pray;

A tree that may in Summer wear
A nest of robins in her hair;

Upon whose bosom snow has lain;
Who intimately lives with rain.

Poems are made by fools like me,
But only God can make a tree.

**100. The tree presses its mouth against the sweet earth's flowing breast to**

(1) express its gratitude to it.

(2) draw sustenance from it.

(3) draw inspiration from it.

(4) express its love for it.

**101. The tree prays to God by**

(1) swinging its branches.

(2) lifting her arms.

(3) producing fruit and flowers.

(4) providing shade to travellers.

**102. Which of the following statements is <u>not</u> true in the context of the poem ?**

(1) The tree welcomes the snow on its bosom.

(2) The tree symbolizes strength and stability.

(3) The tree allows birds to build their nests in it.

(4) It lives closely with rain.

**103. Name the figure of speech used in lines 3 and 4.**

(1) Simile

(2) Personification

(3) Metonymy

(4) Alliteration

**104. Identify and name the figure of speech used in 'Poems are made by fools like me'.**

(1) Metaphor

(2) Personification

(3) Simile

(4) Hyperbole

**105. The word, 'mouth' in line 3 refers to the ________ of the tree.**

(1) crown

(2) branches

(3) trunk

(4) roots

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options.

**106. A language teacher firstly, asks students to introduce themselves to each other in the class. Then she asks them to introduce their friend to each other. This activity will help them to increase**

(1) BICS

(2) CALP

(3) PPPP

(4) ELT

**107. Literature should be included in language classroom because**

(1) it helps learners to be budding writers.

(2) it gives exposure to different grammatical forms and structures.

(3) it develops moral values among the learners.

(4) it exposes them to different genres, culture and social issues.

**108. A teacher makes her learners respond to her actions and speech only by bodily movements. What is this known as ?**

(1) Total Physical Response

(2) Task Based Language Teaching

(3) Communicative Approach

(4) Play-way method

**109. In a language class students are memorizing the dialogues through drill and practice and the teacher is correcting their pronunciation, mistakes immediately. They are practising the dialogues in chorus. The teacher is following the**

(1) Direct method

(2) Natural method

(3) Audiolingual method

(4) CLT method

**110. The oral errors of the students can be best corrected if the teacher**

(1) corrects an error directly after the student has made the error.

(2) points out the error in general and lets the student try to correct himself first.

(3) ignores the error as it may hamper their learning.

(4) asks other students to help him as peer tutoring is must in schools.

**111. As a pair activity the teacher gives her learners almost the same pictures and asks them to find the difference between the two students, ask each other questions to discover how the two pictures are different. This can be a**

(1) grammar activity

(2) speaking activity

(3) cloze based activity

(4) crosswords activity

**112. A student of class IV is having some problem in writing. She may have**

(1) dyslexia

(2) dysgraphia

(3) dysphasia

(4) dyscalculia

**113. It specifies the rules which govern the arrangement of words into phrases, clauses and sentences.**

(1) Discourse

(2) Semantics

(3) Syntax

(4) Cohesion

**114. A teacher of class VI has labelled the classroom objects such as blackboard, door, window, fan, table, chair etc. in different languages (Hindi, English, Urdu, Sanskrit etc). Here the classroom as a whole**

(1) is learning through grammar translation method.

(2) is creating a language confusion in students.

(3) is focusing on three language formula.

(4) is a rich resource for promoting multilingualism.

**115. The assessment process not only assesses students' learning but also assesses <u>teacher's</u> teaching process. This statement is**

(1) fully wrong

(2) fully right

(3) partially right

(4) baseless

**116. The language which is learnt from environment without any explicit teaching is**

(1) First language

(2) Second language

(3) Third language

(4) School language

**117. A teacher is facing the problem of students' poor spelling. She listed the probable causes for it and then decided to frame some steps to overcome it. This whole process is**

(1) Problem solving

(2) Improving spelling

(3) Action research

(4) Applied research

**118. Reading picture book means**

(1) exposing learners to different styles of drawing.

(2) to help learners to understand and analyse the pictures.

(3) to help learners to draw neat and colourful pictures.

(4) that children love pictures and it will be a fun loving class.

**119. Before starting a new chapter from a textbook, a teacher should at first focus on ________.**

(1) the background setting of story, its history etc.

(2) the work profile of the poet/writer.

(3) relating the story with the previous experiences of learners.

(4) the grammatical structures in the chapter and difficult words.

**120. Teacher asks learners to read aloud in the English class. This way of reading will**

(1) enable learners to develop reading skill with understanding.

(2) enable learners to read with correct pronunciation using the punctuation marks.

(3) enable a learner to be a fast reader.

(4) help the teacher to complete the syllabus within the stipulated time.

# भाग – IV

## भाषा – I

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र.सं. 91 से 120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निर्देश – नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (91 से 99 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारा जो व्यवहार होता है, उसी के अनुसार फल भी मिलता है । जो समाज और संवेदना की नीतिमूलक स्थापनाओं को अपने व्यवहार का हिस्सा बनाता है, वही शांति पाने का हकदार होता है । महावीर, बुद्ध, क्राइस्ट, नानक, गाँधी अगर हमारे जीवन पर विराजमान हैं तो इसमें उनकी सदाशयता, निरहंकार और व्यवहार का योगदान है । वे जिए समस्त प्राणियों, प्रकृति और सृष्टि के लिए । उनके मन में किसी के लिए रत्ती भर भी भेद–भाव नहीं रहा । अहंकार को विवेक से ही हटाया जा सकता है । गाँधीजी ने गुलामी से आज़ादी, मनुष्यता की सेवा और विवेक से मित्रता को अपना लक्ष्य बनाया । सबके प्रति समान दृष्टि का ही भाव और व्यवहार था कि गाँधी विश्व नेता बने । गीता में कहा गया है कि जो समस्त प्राणियों के हित में सदा संलग्न रहता है, सबका मित्र होता है । महावीर सत्य की साक्षात अनुभूति में मैत्री की अनिवार्यता की घोषणा करते हैं । यह अनुभूत सत्य है कि जो अपना मित्र होगा, वह हर किसी का मित्र होगा । आप भी इसे आज़मा कर देखें । महसूस होने लगेगा कि जिस शांति के लिए भटक रहे हैं, वह कहीं बाहर नहीं आपके अंदर ही है ।

**91. इनमें से किसे गाँधीजी ने अपना लक्ष्य नहीं बनाया ?**

(1) गुलामी से आज़ादी
(2) मनुष्यता की सेवा
(3) विवेक से मित्रता
(4) गुलामों से आज़ादी

**92. अनुच्छेद के अनुसार किसे अपने व्यवहार का हिस्सा बनाना चाहिए ?**

(1) समाज और संवेदनाओं के नैतिक मूल्य
(2) गुरु नानक देव की शिक्षाएँ
(3) सत्य और असत्य की परिभाषा
(4) अहंकार और विवेक की परिभाषा

**93. गाँधीजी विश्व–नेता बने, क्योंकि –**

(1) उन्होंने सत्याग्रह किया ।
(2) वे स्वतंत्रता आंदोलन के नेता थे ।
(3) वे अनुशासन प्रिय थे ।
(4) सभी के प्रति उनकी समान दृष्टि व व्यवहार था ।

**94. महावीर, बुद्ध, क्राइस्ट, नानक व गाँधीजी में क्या समानता है ?**

(1) सभी धर्मगुरु हैं ।
(2) सभी संन्यासी हैं ।
(3) सभी भारत में जन्मे हैं ।
(4) सभी ने मानव–कल्याण किया ।

95. **कौन सा शब्द भिन्न है ?**

(1) मित्रता
(2) मनुष्यता
(3) मित्र
(4) वीरता

96. **सही शब्द चुनिए –**

**सबके प्रति _____ दृष्टि का भाव और व्यवहार होना चाहिए ।**

(1) सामान्य
(2) समान
(3) भिन्न
(4) अलौकिक

97. **'अपना–पराया' में समास है –**

(1) द्विगु
(2) तत्पुरुष
(3) द्वंद्व
(4) अव्ययीभाव

98. **हमें किसके अनुसार फल मिलता है ?**

(1) समाज
(2) व्यवहार
(3) बुद्धि
(4) वंश

99. **शांति को कहाँ पाया जा सकता है ?**

(1) स्वयं में
(2) परिवार में
(3) समाज में
(4) धर्म में

**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न 100 से 105 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

देशवासियों सुनो देश को नमन करो
देश ही आधार है, प्यार देश से करो ।

लड़ रहे हो आज क्यों छोटी–छोटी बात पर,
देश हित को भूलकर प्रांत, भाषा, जात पर,
मिटा के भेदभाव को, देश को सुदृढ़ करो ।

भ्रष्टाचार की लहर उठ रही नगर–नगर,
घोर अंधकार में सूझती नहीं डगर,
ज्योति नीति–धर्म की आज तुम प्रखर करो ।

देश आज रो रहा, देश का रुदन सुनो,
बाँट दर्द देश का, मित्र देश के बनो
प्रेम के पीयूष से, द्वेष का शमन करो ।

100. **कविता में नीति–धर्म की ज्योति प्रखर करने के लिए कहा गया है, ताकि –**

(1) देश को प्रेम किया जा सके ।
(2) देश का दर्द बाँटा जा सके ।
(3) आपसी भेदभाव दूर किया जा सके ।
(4) भ्रष्टाचार को दूर किया जा सके ।

101. **'देश आज रो रहा है ।' पंक्ति का आशय है –**

(1) देश में शांति का वातावरण है ।
(2) देश में अशांति का वातावरण है ।
(3) देश के नागरिक रो रहे हैं ।
(4) देश में बाढ़ आई है ।

102. द्वेष का शमन किया जा सकता है –

(1) प्रेम द्वारा

(2) नीति द्वारा

(3) धर्म द्वारा

(4) शासन द्वारा

103. 'पीयूष' का विलोम शब्द है –

(1) क्षीर

(2) नीर

(3) अमृत

(4) विष

104. 'भ्रष्टाचार' का संधि–विच्छेद है –

(1) भ्रष्टा + चार

(2) भ्रष्ट + चार

(3) भ्रष्ट + आचार

(4) भ्रष्ट + अचार

105. कविता के अनुसार देश को सुदृढ़ किया जा सकता है –

(1) देश हित को भूलकर

(2) समस्त भेदभाव दूर करके

(3) देश को नमन करके

(4) देशभक्ति के गीत गाकर

**निर्देश – नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :**

106. कक्षा एक में लिखना _____ से प्रारंभ होता है ।

(1) अक्षर लिखने

(2) चित्र बनाने

(3) वाक्य लिखने

(4) शुरू से

107. भाषा कौशलों के बारे में आप किस विचार से सहमत हैं ?

(1) ये एक निश्चित क्रम में सीखे जाते हैं ।

(2) ये एक–दूसरे से अंत:संबंधित होते हैं ।

(3) ये एक–दूसरे को प्रभावित नहीं करते ।

(4) ये सभी एक साथ नहीं सीखे जा सकते ।

108. पाठ्य–पुस्तकों में रचनाएँ एक वातावरण निर्मित करती हैं और अभ्यास प्रश्न उन्हें _____, उनसे गहराई से _____ और व्यापक अनुभव–स्तर से _____ का मौका देते हैं ।

(1) परखने, जुड़ने, तादात्म्य

(2) जानने, जूझने, जुड़ने

(3) परखने, जूझने, तादात्म्य

(4) जानने, परखने, जुड़ने

**109. स्किनर के अनुसार –**

(1) भाषा परिवेश से सीखी जाती है ।

(2) भाषा अंत:क्रिया से सीखी जाती है ।

(3) भाषा सीखना एक अत्यंत जटिल प्रक्रिया है ।

(4) भाषा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है ।

**110. प्राथमिक स्तर की पाठ्य–पुस्तक में दिए गए प्रश्न को ध्यान से पढ़िए –**

**'अगर तुम पापा की जगह होतीं तो ठेला कहाँ लगातीं ?' ऐसा तुमने क्यों तय किया ?**

**यह प्रश्न किससे जुड़ा है ?**

(1) विभिन्न व्यवसायों से

(2) अनुभवों की अभिव्यक्ति से

(3) चिंतन क्षमता के विस्तार से

(4) परिवार की जानकारी से

**111. हिंदी भाषा का आकलन करते समय आप किस बिंदु को सर्वाधिक महत्त्व देंगे ?**

(1) सहज अभिव्यक्ति

(2) आलंकारिक भाषा

(3) भाषा की संरचना

(4) व्याकरण सम्मत भाषा

**112. प्राथमिक स्तर पर पढ़ना सिखाने की शुरुआत करने के लिए आप किस सामग्री को सर्वाधिक महत्त्व देंगे ?**

(1) अक्षर–ज्ञान

(2) वर्णमाला

(3) शुद्ध उच्चारण

(4) रोचक कहानी

**113. सलमा पहली कक्षा में पढ़ती है । वह 'किताब' शब्द को 'कतब' लिखती है । सलमा का लिखने का यह तरीका _____ को दर्शाता है ।**

(1) अज्ञानता

(2) स्व–वर्तनी

(3) नियंत्रित लेखन

(4) लापरवाही

**114. सामाजिक अंत:क्रिया से भाषा सीखने का समर्थन _____ ने किया है ।**

(1) स्किनर

(2) पियाजे

(3) वाइगोत्स्की

(4) चॉम्स्की

**115. द्विभाषिकता और _____ उपलब्धियों का गहरा सकारात्मक संबंध पाया जाता है।**

(1) व्यावसायिक

(2) विद्वत

(3) साहित्यिक

(4) वैज्ञानिक

**116. प्राथमिक स्तर पर पढ़ाते समय आप हिंदी भाषा संबंधी किस पक्ष पर सर्वाधिक बल देंगे ?**

(1) व्याकरणिक नियम

(2) व्याकरण–ज्ञान

(3) भाषा–ज्ञान

(4) भाषा–प्रयोग

**117. मौखिक भाषा का आकलन _____ पर सर्वाधिक बल देता है।**

(1) उच्चारणगत शुद्धता

(2) विचारों की क्रमबद्धता

(3) धाराप्रवाह की तीव्रता

(4) संस्कृतनिष्ठ शब्दों का प्रयोग

**118. हम भाषा के माध्यम से _____ और _____ भी करते हैं।**

(1) सोचते, विचार

(2) अनुभव, महसूस

(3) चिंतन, विचरण

(4) सोचते, महसूस

**119. हिंदी भाषा सीखने–सिखाने का दायरा इतना बड़ा होना चाहिए कि _____ से उसका नाता न टूटे।**

(1) व्याकरण सीखने

(2) भाषा–प्रयोग

(3) भाषा की परिभाषा

(4) व्याकरण रटने

**120. प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने–सिखाने में बाल साहित्य मदद करता है, क्योंकि –**

(1) वह सरल होता है।

(2) वह रंगीन चित्रों वाला होता है।

(3) वह भाषा की रंगतें प्रस्तुत करता है।

(4) वह बच्चों के लिए है।

## PART – V
## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 121 to 128) by choosing the correct/most appropriate options :**

1. The study of handwriting is known as graphology and it has been practised for hundreds of years. Professional forensic graphologists have worked on many court cases to use handwriting to link suspects with crimes.
2. Handwriting is particularly important legally in the case of signatures and proving whether signatures are real or forged can be pivotal. Graphologists also work to verify whether autographs are real or fake.
3. Some handwriting analysts also study writing samples to determine personality types and some businesses commission this analysis before hiring new employees. The method is even sometimes used to help couples see if they are compatible. According to graphologists, there is very little you can't tell from a persons' handwriting.
4. From psychological conditions like high blood pressure and schizophrenia to personality traits like dominance and aggression : if you write by hand, graphologists can analyse you.
5. Everything from the size of your letters to how closely you space words can reveal intricate details of your personality. In general, the size of your letters can reveal whether you are shy or outgoing. Compared to a standard lined sheet of paper, if you write with tiny letters that do not reach the top line, you are likely to have a timid and introverted personality. If you write with large letters that go over the topline, you are likely to be the opposite : outgoing, confident and attention seeking.
6. Studies suggest that people who space words widely like freedom and independence, whereas those choosing to write with small spaces prefer to be among others and do not like to be alone.

**121. A graphologist can give accurate information about**

(1) a person's popularity graph.
(2) a person's mental health.
(3) setbacks a person is likely to face in future.
(4) a person's chances of success.

**122. A person who writes with large letters that cross over to the top line is likely to be**

(1) outgoing.
(2) introverted.
(3) aggressive.
(4) diffident.

**123. An attention seeking, confident person writes with**

(1) tiny letters.
(2) cursive letters.
(3) large letters.
(4) rounded letters.

**124. Read the following statements :**

**A. Graphology has been practised for thousands of years.**

**B. A person's handwriting reveals everything about him.**

(1) A is true and B is false.
(2) A is false and B is true.
(3) Both A and B are true.
(4) Both A and B are false.

**125. Which one of the following words is similar in meaning to the word, 'verify' (Para-2) as used in the passage ?**

(1) Clarify

(2) Confirm

(3) Notify

(4) Discover

**126. Which one of the following words is opposite in meaning to 'reveal' (Para-5) as used in the passage ?**

(1) Blacken

(2) Repeal

(3) Conceal

(4) Teal

**127. Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**Graphologists can verify whether the autographs are real <u>or</u> fake ?**

(1) Adverb

(2) Preposition

(3) Pronoun

(4) Conjunction

**128. Which of the following statements is not true ?**

**Handwriting is used by graphologists to**

(1) nail criminals.

(2) verify genuineness of signatures.

(3) help couples to determine their suitability to each other.

(4) predict about a person's future criminal tendency.

**Directions : Read the passage given below carefully and answer the questions that follow (Q. Nos. 129 to 135) by selecting the correct/most appropriate options.**

1. There is something we all want to do, although few of us readily admit it : Get rid of guests.

2. For nine months in the year, only my closest friends come to see me. Then, when temperatures start soaring in the plains, long-lost acquaintances suddenly remember that I exist, and people whom I am barely able to recognize appear at the front door, willing to have me put them up for periods ranging from six days to six weeks.

3. Occasionally, I am the master of the situation I inform them that the cottage is already bursting, that people are sleeping on the floor. If the hopefuls start looking around for signs of these uncomfortable guests, I remark that they have all gone out for a picnic.

4. The other day I received visitors who proved to be more thick-skinned than most. The man was a friend of a friend of an acquaintance of mine. I had never seen him before. But on the strength of this distant relationship, he had brought his family along.

5. I tried the usual ploy but it didn't work. The man and his family were perfectly willing to share the floor with any others who might be staying with me.

6. So I made my next move. 'I must warn you about the scorpions', I said. The scorpion-scare is effective with most people. But I was dealing with professionals. The man set his son rolling up the carpet. 'Sometimes centipedes fall from the ceiling', I said desperately.

7. We were now interrupted by someone knocking on the front door. It was the postman with a rejected manuscript, his arrival inspired me to greater inventiveness.

8. 'I'm terribly sorry', I said, staring hard at a rejection slip. 'I'm afraid I have to leave immediately. A paper wants me to interview the Maharishi. I hope you won't mind. Would you like the name of a good hotel ?'

9. 'Oh, don't worry about us', said the woman expansively. 'We'll look after the house while you are away.'

**129. Which one of the following ploys does the author not use to get rid of unwanted guests ?**

(1) The place is infested with scorpions.

(2) Centipedes fall from the ceiling.

(3) There is acute water scarcity.

(4) He has already too many guests.

**130. Which of the following does not apply to the unwelcome guests ?**

(1) They are utterly shameless.

(2) They want to enjoy themselves at the author's expense.

(3) They are thick-skinned.

(4) They don't have enough money to stay at a hotel.

**131. The postman delivered to the author**

(1) a letter inviting him to interview the Maharishi.

(2) his rejected manuscript alongwith a cheque.

(3) his rejected manuscript alongwith a rejection slip.

(4) a letter commissioning him to write a new novel.

**132. Which one of the following words is similar in meaning to the word, 'readily' (Para 1) as used in the passage ?**

(1) frankly

(2) easily

(3) efficiently

(4) plainly

**133. Which one of the following words is opposite in meaning to the word, 'soaring' (Para 2) as used in the passage ?**

(1) hovering

(2) exasperating

(3) falling

(4) deteriorating

**134. Which part of the following sentence contains an error ?**

**Both Raghunath as well as Ravish (a) have given (b) their consent (c) to the new proposal (d)**

(1) (d)

(2) (a)

(3) (c)

(4) (b)

**135. Which of the following is true ?**

**People who visit the author at the onset of the summer are**

(1) his old school mates.

(2) his closest friends and relatives.

(3) people whom he hardly knows.

(4) his colleagues.

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options.

**136. Which one of the following activities comes under CALP ?**

(1) Writing book reviews
(2) Making reservations
(3) Answering calls
(4) Making an appointment for a saloon

**137. The branch of linguistics that deals with the explanation of the relation between language and society is known as _________**

(1) Societal language
(2) Psycholinguistics
(3) Sociolinguistics
(4) Anthropological linguistics

**138. Formative assessment helps in**

(1) assessing a teacher's efficiency in teaching.
(2) providing qualitative feedback to learners to improve.
(3) creating an environment where learners can compete with each other.
(4) engaging learners in meaningful tasks and preparing them for competitive exams.

**139. Communicative language teaching method in English lays stress on giving opportunities to learners to participate in a purposeful talk in the classroom as it promotes**

(1) the use of mother tongue freely in the classroom.
(2) learners to encounter with real life situations.
(3) their written expression in the classroom.
(4) learners to minimize spelling and grammatical errors.

**140. As per Stephen Krashen, "The effective language teacher is someone who can provide input and help make it _________ in a low anxiety situation.**

(1) easier
(2) grammatical
(3) comprehensible
(4) fluent

**141. A teacher divides the class into groups of five and asks them to discuss what they would do if they were caught in one of the following situations :**

- **Their friend falls down in the play field and is hurt…..**
- **They are trapped in a building on fire…….**
- **They are stuck up in a traffic jam…….**

**This activity is based on ________**

(1) Grammar translation method
(2) Audio lingual approach
(3) Communicative Language Teaching (CLT) Approach
(4) Structural Approach

**142. The one that cannot be further divided into smaller grammatically meaningful components is _________**

(1) a phoneme
(2) a morpheme
(3) a diphthong
(4) syntax

**143. Alka, a student of class III often makes a mistake between /sh/ and /s/. As a language teacher your interpretation will be**

(1) Alka is a careless student.

(2) It's due to influence of her dialect or language.

(3) Alka's pronunciation is not clear hence you will give her more practice.

(4) As a teacher you will ignore such silly mistakes.

**144. A language teacher asks students to make a butterfly with paper by following her instructions. This activity will help the students to develop _________.**

(1) paper making skill

(2) listening comprehension

(3) paper folding skill

(4) reading comprehension

**145. A language teacher asks students to collect flowers to make a flower scrap book. She also asks them to write the name of each flower in their language and in English. This activity will help her to promote _________.**

(1) a love for nature

(2) integration of subjects

(3) multilingualism

(4) language across the curriculum

**146. In which of the following the role of the learner is that of an independent learner ?**

(1) Teaching Aid

(2) Building as a Learning Aid

(3) Teaching learning materials

(4) Integrated materials

**147. Creating a reading corner in the classroom helps ________**

(1) children to learn and revise their syllabus thoroughly.

(2) to provide opportunities to children to select books independently as per their interest.

(3) the children but burdens the teacher to maintain a register and keep record of their work.

(4) to share the responsibility of the librarian as the books are issued by the teacher.

**148. Small kids at their initial stage love to move pen and pencil in to and fro or up and down position. This way of writing is _________**

(1) drawing

(2) scribbling

(3) invented writing

(4) zig-zag writing

**149. In a language classroom a teacher is asking students to interact in groups and then share their personal response to the poem with each other. This task promotes social interaction as advocated by _________**

(1) Chomsky

(2) Piaget

(3) Skinner

(4) Lev Vygotsky

**150. In a language classroom you have asked students to write down the directions for reaching your home from school. When students have written down the directions, they will then present their directions in pairs to each other. This activity will help to increase**

(1) their CALP (Cognitive Academic Language Proficiency).

(2) their Basic Interpersonal Communication Skills (BICS).

(3) their directional sense which a student often confuses.

(4) the integration of language with science.

# भाग – V

## भाषा – II

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – V (प्र.सं. 121 से 150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं. 121 से 128 तक) के सही / सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

किताब का विषय और सामग्री उस आयु वर्ग के हिसाब से हो जिसके लिए आप पुस्तक चुन रहे हैं । छोटे बच्चों के लिए रोज़मर्रा की समस्याएँ और घटनाएँ पुस्तक का विषय हो सकती हैं । उदाहरण के लिए, स्कूल से घर लौटते समय रास्ते में मिलने वाले कुत्ते से डर लगना । इस वर्ग के बच्चों की कहानियों की एक विशेषता होती है – शब्दों, वाक्यों और घटनाओं की पुनरावृत्ति । बच्चों को मज़ेदार शब्द और वाक्य दोहराना अच्छा लगता है । आप किसी बच्चे को खेलते देखिए, आपको इस बात का सबूत मिल जाएगा । इसके अतिरिक्त पुनरावृत्ति से उन बच्चों को पढ़ने में प्रवीणता हासिल करने में मदद मिलती है जो अभी सीखने की प्रक्रिया में हैं ।

इस स्तर की कहानियाँ बहुत अधिक लंबी या जटिल नहीं होनी चाहिए । उनमें बहुत ज़्यादा घटनाएँ या पात्र नहीं हों तो बेहतर है ।

**121. छोटे बच्चे की पुस्तक का विषय मुख्य रूप से होना चाहिए –**

(1) राजा – रानी

(2) नैतिक मूल्य

(3) दैनिक जीवन

(4) वीर पुरुष

**122. बच्चों को कैसे शब्द दोहराना अच्छा लगता है ?**

(1) सरल

(2) जटिल

(3) लंबे

(4) मज़ेदार

**123. सीखने की प्रक्रिया में पुनरावृत्ति का महत्त्व है, क्योंकि –**

(1) बच्चे को कहानी याद हो जाती है ।

(2) घटनाएँ याद हो जाती हैं ।

(3) पढ़ने में कुशलता प्राप्त होती है ।

(4) लिखने में कुशलता प्राप्त होती है ।

**124. पुस्तक चुनते समय कम महत्त्वपूर्ण है –**

(1) विषय

(2) सामग्री

(3) आयु वर्ग

(4) कीमत

**125. 'छोटे बच्चे' में 'छोटे' _____ विशेषण है ।**

(1) गुणवाचक

(2) सार्वनामिक

(3) परिमाणवाचक

(4) संख्यावाचक

126. **'पुनरावृत्ति' का संधि–विच्छेद है –**

(1) पुन + रावृत्ति

(2) पुनः + आवृत्ति

(3) पुनः + अवृत्ति

(4) पुनरा + वृत्ति

127. **निम्न में कौन–सा शब्द कारक चिह्न नहीं है ?**

(1) के लिए

(2) की

(3) से

(4) और

128. **पुस्तक का चयन _____ के आधार पर करना चाहिए ।**

(1) आयु वर्ग

(2) नैतिक शिक्षा

(3) उपलब्धता

(4) कीमत

**दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं. 129 से 135 तक) के सही / सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

चिनार वृक्ष सामान्यतया मध्यम आकार के, मध्यम से अधिक ऊँचे आकार के होते हैं । इनकी ऊँचाई 50 मीटर अथवा इससे भी अधिक हो सकती है । इसकी लकड़ी का घनत्व बहुत अधिक होता है तथा यह मज़बूत और कठोर होती है । चिनार की लकड़ी सफ़ेद होती है तथा इसके किनारे पीले अथवा लाल रंग के होते हैं । इसकी लकड़ी पर सरलता से पॉलिश की जा सकती है तथा रंग भी किया जा सकता है । इसकी लकड़ी न तो आसानी से कटती है और न आसानी से टूटती है । किंतु यह टिकाऊ भी नहीं होती है, अतः कीमती फ़र्नीचर आदि इससे नहीं बनाए जाते ।

चिनार वृक्ष का तना सुंदर और आकर्षक होता है एवं इस पर काँटे नहीं होते, किंतु छूने पर यह खुरदुरा लगता है । चिनार वृक्ष के तने की छाल अविकसित सी होती है तथा यह पहाड़ी बनकर झरती रहती है । इससे इसका तना शल्क वाला दिखाई देने लगता है । इसके पुराने वृक्षों की छाल झरती नहीं है, किंतु इसमें लंबी–लंबी दरारें पड़ जाती हैं । चिनार वृक्ष की छाल का रंग धूसर, हरापन लिए धूसर अथवा सफ़ेदी लिए हुए धूसर रंग का होता है, शरद ऋतु में चिनार का वृक्ष अपनी छाल का रंग बदलता है और नारंगी अथवा नारंगीपन लिए सुनहरे रंग का हो जाता है । चिनार वृक्ष की शाखाएँ कत्थई रंग की होती हैं तथा आसानी से नहीं टूटतीं किंतु वृक्ष के बढ़ने के साथ ही ये नीचे झुकने लगती हैं और कभी–कभी वृक्ष के नीचे से गुज़रने वालों से टकराने लगती हैं ।

129. **चिनार का तना होता है –**

(1) चिकना

(2) खुरदुरा

(3) भुरभुरा

(4) कँटीला

130. **चिनार वृक्ष अपनी छाल का रंग कब बदलता है ?**

(1) गर्मी में

(2) बरसात में

(3) बसंत में

(4) सर्दी में

131. **इनमें से कौन–सा शब्द समूह से भिन्न है ?**

(1) लंबी दरारें

(2) पुराने वृक्ष

(3) धूसर छाल

(4) चिनार वृक्ष

132. **चिनार की लकड़ी होती है –**

(1) पीली

(2) लाल

(3) सफ़ेद

(4) काली

133. **'अत: कीमती फ़र्नीचर आदि इससे नहीं बनाए जाते ।' वाक्य में विशेषण शब्द है –**

(1) कीमती

(2) फ़र्नीचर

(3) इससे

(4) बनाए

134. **समूह से भिन्न शब्द है –**

(1) कभी – कभी

(2) लंबी – लंबी

(3) पतली – दुबली

(4) लाल – लाल

135. **इनमें से चिनार की लकड़ी का कौन–सा गुण नहीं है ?**

(1) आसानी से कट जाती है ।

(2) आसानी से नहीं कटती है ।

(3) आसानी से नहीं टूटती है ।

(4) आसानी से पॉलिश हो जाती है ।

**निर्देश – नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :**

136. **पढ़ने की कुशलता में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –**

(1) शब्द पढ़ना

(2) अर्थ–निर्माण

(3) तीव्र गति

(4) उच्चारणगत शुद्धता

137. **संयुक्त परिवारों में बच्चों का भाषा–विकास अपेक्षाकृत बेहतर होता है । इसका आधार है –**

(1) बड़ों की परिपक्व भाषा

(2) बच्चों द्वारा बड़ों का अनुकरण

(3) परस्पर अंत:क्रिया

(4) परस्पर प्रश्नोत्तर

138. **भाषा के माध्यम से बच्चों का ज्ञान–क्षेत्र भी विस्तृत होता है । जिसमें सर्वाधिक योगदान है –**

(1) राष्ट्रीय समाचार–पत्रों / पत्रिकाओं का

(2) बाल साहित्य की पुस्तकों का

(3) विभिन्न प्रकार की कविताओं का

(4) विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का

**139. प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने–सिखाने की सबसे पहली शर्त है –**

(1) सरल पाठ्य–पुस्तक

(2) निवेश–समृद्ध संप्रेषण का वातावरण

(3) बाल साहित्यकारों का साहित्य

(4) चार्ट, पोस्टर से सुसज्जित कक्षा

**140. पहली – दूसरी कक्षा में अनेक बच्चे हिंदी भाषा सीखते समय अपनी मातृभाषा का प्रयोग करते हैं। यह –**

(1) स्वीकार्य है।

(2) अस्वीकार्य है।

(3) वैध नहीं है।

(4) बहुत गलत है।

**141. रूपा चौथी कक्षा को पढ़ाती हैं। उन्होंने गुजराती लोक कथा 'मुफ़्त ही मुफ़्त' पढ़ाने के बाद बच्चों से पूछा कि उनकी भाषा में आदर के लिए किन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, जैसे गुजराती भाषा में 'भाई' 'बेन' का प्रयोग किया जाता है। रूपा का उद्देश्य है –**

(1) अन्य भाषाओं को जानना

(2) सभी बच्चों को अवसर देना

(3) बहुभाषिकता को संबोधित करना

(4) अभ्यास प्रश्न को करवाना

**142. प्राथमिक स्तर पर भाषा–शिक्षण के संदर्भ में कौन–सा कथन सर्वाधिक उचित है ?**

(1) बच्चों को क्रम से भाषा कौशल सिखाए जाने चाहिए।

(2) बच्चों को केवल भाषा की पाठ्य–पुस्तक ही दी जाए।

(3) सभी बच्चों की प्रगति समान रूप से ही होनी चाहिए।

(4) बच्चों को विभिन्न प्रकार का बाल साहित्य पढ़ने के अवसर दें।

**143. बच्चों के भाषा–विकास के लिए ज़रूरी है, बच्चों को –**

(1) अनुकरण के लिए प्रोत्साहित करना।

(2) भाषा–प्रयोग के अवसर देना।

(3) व्याकरण सीखने के लिए प्रोत्साहित करना।

(4) साहित्य पढ़ने के लिए पुरस्कृत करना।

**144. माया अकसर शब्दों को लिखते समय अक्षरों को छोटा–बड़ा लिखती है या उनके बीच समान दूरी नहीं रख पाती। माया संभवत: _____ के कारण ऐसा करती है।**

(1) लापरवाही

(2) अज्ञानता

(3) डिस्ग्राफ़िया

(4) अरुचि

**145. 'भाषा अर्जन क्षमता' सिद्धांत _____ से संबंधित है।**

(1) चॉम्स्की

(2) पियाजे

(3) स्किनर

(4) वाइगोत्स्की

**146. बच्चों की लेखन क्षमता का आकलन करने की दृष्टि से कौन–सा प्रश्न सर्वाधिक बेहतर है ?**

(1) 'बहादुर बित्तो' शीर्षक कहानी लिखिए।

(2) 'बहादुर बित्तो' कहानी का अंत बदलकर लिखिए।

(3) 'बहादुर बित्तो' में संज्ञा शब्दों को चिह्नित कीजिए।

(4) 'बहादुर बित्तो' कहानी को शीर्षक दीजिए।

**147. 'पोर्टफ़ोलियो' _____ में मदद करता है।**

(1) कार्य को संचित करने

(2) बच्चों को भययुक्त वातावरण देने

(3) समस्त क्षमताओं की जानकारी देने

(4) क्रमिक प्रगति का आकलन करने

**148. भाषा का मनुष्य की _____ और मनुष्य के _____ के साथ गहरा संबंध होता है।**

(1) अस्मिता, व्यापार

(2) व्यावहारिकता, व्यवहार

(3) अस्मिता, विचार

(4) वैचारिकता, व्यापार

**149. ज़्यादातर बच्चे, स्कूल की शिक्षा की शुरुआत से पहले ही भाषा की _____ और _____ को आत्मसात कर पूर्ण भाषिक क्षमता रखते हैं।**

(1) चुनौतियों, अवसरों

(2) जटिलताओं, मानकों

(3) चुनौतियों, प्रचलनों

(4) जटिलताओं, नियमों

**150. प्राथमिक स्तर पर पढ़ाने वाली सुनीता अपनी कक्षा के बच्चों को प्रतिदिन एक कहानी पढ़कर सुनाती हैं और उस पर चर्चा करती हैं। आप इस कक्षा के बारे में क्या कहेंगे ?**

(1) कहानी सुनाने से समय नष्ट हो रहा है।

(2) कहानी पर चर्चा भाषा–विकास को अवरुद्ध करती है।

(3) पढ़ने और मौखिक अभिव्यक्ति का विकास हो रहा है।

(4) सुनीता अपने शिक्षक–प्रशिक्षण की रीतियों को निभा रही है।

**SPACE FOR ROUGH WORK**
**रफ कार्य के लिए जगह**

SPACE FOR ROUGH WORK

रफ कार्य के लिए जगह

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue/Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/ room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/ rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/ Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें ।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
5. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी । इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए ।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्वीच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए । इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित ।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल / कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।**